न्यूज ब्रीफ

### टीटीई ने यात्री का खोया मोबाइल लौटाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में टिकट चेकिंग स्टाफ की ईमानदारी का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। टिकट परीक्षक ने ट्रेन में मिला एक यात्री का खोया मोबाइल फोन सुरक्षित वापस कर दिया। 29 अप्रैल को (अमृतसर–टाटानगर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस) ट्रेन के मुरादाबाद स्टेशन पहुंचने के बाद मुरादाबाद से लखनऊ के लिए ड्यूटी पर तैनात टीटीई रवि कुमार मीना टिकट जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें कोच एम–वन में एक मोबाइल फोन लावारिस अवस्था में मिला। जांच के बाद पता चला कि मोबाइल कोच एम–वन की बर्थ संख्या 77 पर यात्रा कर रहे यात्री सुरजीत (जालंधर शहर से शाहगंज) का है। टीटीई तत्परता दिखाते हुए मोबाइल को सुरक्षित रूप से उसके मालिक को लौटा दिया। मोबाइल वापस मिलने पर यात्री ने खुशी जताते हुए टीटीई और रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### आज से रुकेगी रामनगर-दिल्ली एक्सप्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 25036 रामनगर – दिल्ली एक्सप्रेस का एक मई को समय प्रात: 9:58–9:59 बजे तक और 25035 (दिल्ली–रामनगर एक्सप्रेस) का एक मई को समय रात्रि 20:33 से 20:34 बजे रामनगर एवं काशीपुर रेलखंड में पीरुमदारा स्टेशन पर अगले आदेश तक नियमित ठहराव रहेगा। यह जानकारी उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने दी।

### बाजार जा रही महिला से छेड़छाड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बाजार जा रही थी। इसी दौरान भीड़भाड़ वाले इलाके में एक नकाबपोश युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। घटना के कुछ ही देर बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर मुगलपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब वायरल वीडियो के फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। एसपी सिटी कुमार रणविजय विजय ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेनों में लगाए जाएंगे अस्थायी अतिरिक्त स्लीपर कोच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गर्मी के दौरान सफर में सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने उठाया कदम

**अमृत विचार:** गर्मी के दौरान सफर में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए कई गाड़ियों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय रेल मंडल प्रशासन ने लिया है।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि गाड़ी संख्या 04010 (दिल्ली - सीतामढ़ी) में सात मई को और गाड़ी संख्या 04009 (सीतामढ़ी-दिल्ली) में नौ मई को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच अस्थाई रूप से लगाया जाएगा।

इसके साथ ही गाड़ी संख्या 14207 (मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़- दिल्ली) में नौ मई से 15 मई तक और गाड़ी संख्या 14208 (दिल्ली- मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़) में 12 से 18 मई तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच अस्थाई रूप से लगाया जाएगा।

जबकि गाड़ी संख्या 14205 (अयोध्या कैंट- दिल्ली) में 11 से 17 मई तक व गाड़ी संख्या 14206 (दिल्ली- अयोध्या कैंट) में 10 से 16 मई तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच अस्थाई रूप से लगाया जाएगा।

वहीं गाड़ी संख्या 22420 (आनंद विहार टर्मिनल- गाजीपुर सिटी) में नौ मई से 14 मई तक और गाड़ी संख्या 22419 (गाजीपुर सिटी- आनंद विहार टर्मिनल) में 10 से 15 मई तक अस्थाई रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा।

### एसडीएम व तहसीलदार ने किला परिसर पहुंचकर कहा- अब नहीं दी जाएगी मोहलत

## तीन दिन में सौंधन किला खाली करने का अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार:** संभल तहसील क्षेत्र के सौंधन में स्थित ऐतिहासिक किले को अतिक्रमण मुक्त कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। गुरुवार को एसडीएम निधि पटेल और तहसीलदार धीरेंद्र कुमार ने किले का स्थलीय निरीक्षण कर वहां रह रहे लोगों को तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाकर किला खाली करने का अल्टीमेटम दिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम व तहसीलदार ने पूरे किले परिसर का भ्रमण कर वहां निवास कर रहे लोगों से भूमि संबंधी जानकारी जुटाई। तहसीलदार ने हल्का लेखपाल नीरज सिंह को निर्देशित किया कि जिन


अतिक्रमण कारियों को चेतावनी देते एसडीएम व तहसीलदार। ● अमृत विचार

परिवारों के पास खुद की कोई भूमि नहीं है, उन्हें तीन दिन के भीतर प्लॉट आवंटित किए जाएं, ताकि उनका पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। वहीं जिन लोगों के पास पहले से भूमि या दूसरा मकान उपलब्ध है, उन्हें तय समय सीमा के भीतर स्वयं शिफ्ट होने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे लोगों को किसी प्रकार का वैकल्पिक प्लॉट नहीं दिया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में किला खाली नहीं किया गया तो जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए जाएंगे। इससे पहले भी प्रशासन इस दिशा में कार्रवाई कर चुका है। हाल ही में डीएम राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने किले का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने हल्का लेखपाल की मौजूदगी में जेसीबी से चार खाली मकानों को ध्वस्त किया था।

### किला परिसर में 35 मकान जद में

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार किले के अंदर करीब 35 मकान अतिक्रमण की जद में हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद किले में रह रहे लोगों में चिंता और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं किले में वर्षों से रह रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पहले उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के अचानक मकान हटाए जाने से उनके सामने परिवार और सामान को सुरक्षित रखने की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

### प्राचीन कुंए का भी देखा हाल

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किला परिसर में स्थित प्राचीन कुंए का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि किले का सौंदर्यीकरण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अतिक्रमण हटने के बाद इसे एक भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़, बिना नवीनीकरण दौड़ रहे 234 वाहन

### नवीनीकरण न करने पर आज से रद्द किया जाएगा वाहन का रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परिवहन विभाग ने पोर्टल पर स्कूली वाहनों का डेटा अपलोड किया तो हुआ खुलासा
- विभाग ने दिखाई सख्ती विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, टैक्स, परमिट और फिटनेस जैसे अनिवार्य दस्तावेजों का नवीनीकरण कराए बिना 234 स्कूली वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इससे हजारों बच्चों की जान जोखिम में पड़ रही है।

गुरुवार को संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि खुलासा तब हुआ जब परिवहन विभाग ने पोर्टल पर स्कूली वाहनों का डेटा अपलोड किया। जांच में मिला कि बड़ी संख्या में वाहन निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं और समय सीमा समाप्त होने के बावजूद उनका नवीनीकरण नहीं कराया गया है।

इस लापरवाही ने विभागीय व्यवस्था के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवहन विभाग ने सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेजों के तत्काल नवीनीकरण के निर्देश दिए हैं। नोटिस में 30 अप्रैल तक की अंतिम समय सीमा निर्धारित की गई थी। विभाग ने चेतावनी दी है कि जो वाहन इस अवधि तक नवीनीकरण नहीं कराएंगे, उनका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

इसके अलावा ऐसे वाहनों को सड़कों पर चलते पाए जाने पर चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे और संबंधित स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी मान्यता रद्द की जा सकती है। सख्त रुख से स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### अभिभावकों से ले रहे मोटी फीस

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्कूल प्रबंधन पर आरोप है कि वे बच्चों की जान के साथ–साथ अभिभावकों के भरोसे से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए स्कूल बसों पर आंख बंद कर भरोसा करते हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। संभागीय परिवहन विभाग के पोर्टल पर स्कूली वाहनों का डेटा अपलोड होने के बाद खुलासा हुआ है कि जिले में 234 स्कूली वाहन अनफिट हालत में संचालित हो रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने के बाद अभिभावकों में चिंता का माहौल बन गया है। स्कूलों द्वारा नियुक्त ट्रांसपोर्ट इंचार्ज की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं यह स्थिति स्कूल प्रबंधन की अनदेखी या लापरवाही को भी दर्शाती है। बिना आवश्यक मानकों को पूरा किए इन वाहनों का संचालन बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### कई को सौंपी जिम्मेदारी

संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने 804 स्कूली वाहनों में से 234 अनफिट और कई बिंदुओं पर नवीनीकरण न करने वाले वाहनों के स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा विभाग के कई अधिकारी कर्मचारियों को इन वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ स्थानीय पुलिस को भी कार्रवाई के दौरान साथ लिया जाएगा।

## उत्तराखंड रोडवेज पर छह करोड़ रुपये टैक्स बकाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तराखंड रोडवेज पर परिवहन विभाग का लगभग छह करोड़ रुपये का टैक्स बकाया होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पिछले पांच वर्षों से उत्तरा खंड रोडवेज के 32 बसों की यह राशि जमा नहीं की गई है, जिससे चिंता बढ़ गई है।

संभागीय परिवहन विभाग द्वारा बकाया टैक्स की विस्तृत रिपोर्ट मंडलायुक्त को भेजी गई थी। रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त ने उत्तराखंड रोडवेज प्रबंधन के लिए बकाया टैक्स का भुगतान कराने के लिए पत्र लिखा है। संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि लंबे समय से लंबित इस बकाया को लेकर कई बार ध्यान दिलाया गया, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हो सका। ऐसे में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में भुगतान न होने पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है। मंडलायुक्त ने अपने पत्र में कहा है कि टैक्स का भुगतान तत्काल कराने की बात कही। इस मामले का असर स्थानीय परिवहन सेवाओं पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

## भाजपा जिला मंत्री बृजेश लोधी समेत नौ पर मुकदमा

संवाददाता, कुंदरकी

- शादी का झांसा, मारपीट और वीडियो बनाने के गंभीर आरोप

**अमृत विचार:** भाजपा के जिलामंत्री बृजेश लोधी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। एक युवती की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश लोधी समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सामने आते ही राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। पीड़िता का आरोप है कि बृजेश लोधी ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर कई वर्षों तक शादी का झांसा दिया और इस दौरान उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, उससे गंदी वीडियो बनाने का भी आरोप लगाया गया है।

युवती का कहना है कि बाद में जब शादी से इनकार किया गया तो उसने पहले भी शिकायत की थी, लेकिन परिजनों और प्रधान पति के दबाव में उससे बृजेश के पक्ष में बयान करा दिए गए, जिसके बाद मामले में फाइनल रिपोर्ट लग गई। पीड़िता के मुताबिक, काफी समय बीतने के बावजूद शादी नहीं हुई। इसी बीच उसे जानकारी मिली कि बृजेश 19 फरवरी 2026 को दूसरी युवती से विवाह करने जा रहा है। इसके बाद वह सवाल करने उसके घर पहुंची। आरोप है कि उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट की गई और उसका बैग व मोबाइल छीन लिया।

बैग में 20 हजार रुपये नकद, कपड़े, जरूरी कागजात और सोने-चांदी के आभूषण थे। बताया गया कि घटना के बाद पीड़िता आरोपी के घर के बाहर धरने पर बैठ गई और कार्रवाई की मांग करने लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। एफआईआर में बृजेश कुमार, जितेश, दयाराम, सावित्री, रामवती, बबलू, रामगोपाल, सुनीता और गजेंद्र के नाम शामिल हैं। सभी आरोपी नानपुर और कुत्तों वाली मिलक, मुरादाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस अब पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच कर रही है।

## उ. प्र ओलंपिक संघ ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

- राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मुरादाबाद के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 2025-26 में मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद के नो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक हासिल किए गए।

प्रतियोगिता में राघव गुलाटी ने 11 वर्ष आयु वर्ग (45 किलो से अधिक भार वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। वहीं कर्मिष्ठा ज्ञानी (8 वर्ष, 25 किलो से कम), काव्या पाल (12 वर्ष, 35 किलो से कम) और आद्या कुमार पांडे (13 वर्ष, 60 किलो से कम) ने रजत पदक अपने नाम किए। अर्णव कुमार पथिक (12 वर्ष, 45 किलो से कम) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा वाणी पांडे, शौर्य पाल, लविश नागर और रोज खान ने भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपना कौशल प्रदर्शित किया।


नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में सम्मानित कराटे प्रतियोगिता के खिलाड़ी।

मुरादाबाद लौटने पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ.अजय पाठक ने सभी खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान टीम के साथ आशय वर्मा और अमन कुमार टीम मैनेजर एवं कोच के रूप में मौजूद रहे। वहीं अवनी कुमार पांडे, सरिता पांडे, नीशु नागर और मीनाक्षी देवी ने भी खिलाड़ियों का सहयोग किया।

## अस्पतालों के आईसीयू पर संकट भर्ती पर लग सकती है रोक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नवीनीकरण कराने वाले अस्पतालों में आईसीयू मानकों की सख्त जांच
- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मई में निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिले के निजी अस्पतालों के लिए आने वाले दिन चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। अस्पतालों के आईसीयू को लेकर सख्त मानक लागू किए जा रहे हैं, जिनका पालन न करने पर मरीजों की भर्ती पर रोक लग सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन अस्पतालों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है, उनके आईसीयू की जांच की जाएगी। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है।

इन मानकों में उपकरणों की उपलब्धता, प्रशिक्षित स्टाफ, बेड की संख्या, ऑक्सीजन सपोर्ट और संक्रमण नियंत्रण जैसे कई बिंदुओं को शामिल किया गया है। जिले में कई अस्पताल ऐसे हैं जहां आईसीयू की सुविधाएं केवल कागजों तक सीमित हैं या मानकों के अनुरूप नहीं हैं। ऐसे अस्पतालों को या तो अपनी व्यवस्थाएं सुधारनी होंगी या फिर उन्हें आईसीयू सेवाएं बंद करनी पड़ सकती हैं। इससे गंभीर मरीजों की भर्ती पर सीधा असर पड़ेगा और अन्य अस्पतालों पर दबाव बढ़ सकता है। मई माह में अभियान चलाकर निरीक्षण करेगा। रिपोर्ट तैयार कर संबंधित के लाइसेंस नवीनीकरण पर निर्णय लिया जाएगा।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशपर आईसीयू के मानकों की जांच की जाएगी। जो अस्पताल निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करेंगे, उन्हें सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। यदि इसके बाद भी मानक पूरे नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**रामपुर, अमृत विचार:** शाहबाद तहसील क्षेत्र के मदारपुर पुल के पास बुधवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 18 वर्षीय उवैस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।


मृतक उवैस।

जानकारी के अनुसार मदारपुर गांव निवासी उवैस (18) दोस्त के साथ बाइक से खेत पर तरबूज की पालेज पर जा रहा था। मदारपुर पुल के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन उनकी बाइक को टक्कर मार गया।

जिसके बाद लोगों की भारी भीड़ लग गई, आनन फानन में लोग उसे सीएससी ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उवैस की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं घायल युवक का उपचार मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। दोस्त की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

### ननद-भाभी की मौत के बाद घायल किशोरी ने भी तोड़ा दम

**रामपुर, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के भमरौआ मार्ग पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में घायल किशोरी कुमोद (12) बरेली में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे में ननद–भाभी की मौत हो चुकी है, जबकि पांच लोग अभी भी गंभीर रूप से घायल है। सभी को मेरठ के लिए रेफर किया गया था। थाना शहजादनगर क्षेत्र के ग्राम पैगंबरपुर निवासी लज्जावती की पुत्रवधु बहु की कुछ दिन पहले डिलीवरी के दौरान मृत्यु हो गई थी, जिसकी अस्थियां गंगा में विसर्जित करके परिवार घर लौट रहा था। बुधवार सुबह 10:30 बजे भमरौआ गांव के निकट सड़क हादसे में लज्जावती (45) और उनकी भाभी बासनगली निवासी पूजा (32) की मौत हो गई थी। हादसे में एक बच्ची सहित 6 लोग घायल हो गए थे। इनमें घायलों में 12 वर्षीय कुमोद की गुरुवार को मौत हो गई, वो 8वीं कक्षा की छात्रा थी। किशोरी के शव का पोस्टमार्टम बरेली में ही हुआ है। हादसे में लज्जावती के बेटे सौरभ, सुभाष, सोनल, पूजा की बेटी भूरी, देवर की लड़की संतोष, भारती घायल हैं। वहीं गुरुवार को ननद–भाभी के शवों का पोस्टमार्टम हुआ, जिसके बाद दोनों शव गांव पैगंबरपुर पहुंचे तो गांव में गमगीन माहौल हो गया। सभी की जुबान पर दर्दनाक हादसे की चर्चा थी। दोपहर बाद दोनों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया।


मृतका पूजा।

## मझोला व पाकबड़ा पुलिस ने तमंचे के साथ तीन पकड़े

कार्यालय संवादाता, पाकबड़ा

- पाकबड़ा पुलिस ने तमंचे के साथ दो छात्र को भेजा जेल

**अमृत विचार:** पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचे के साथ दो छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपी एक निजी विश्वविद्यालय के छात्र बताए जा रहे हैं और आपसी विवाद के चलते हथियार लेकर चल रहे थे।

पुलिस के अनुसार, जनपद अमरोहा के थाना अमरोहा देहात क्षेत्र निवासी निखिल चौहान एवं उसका साथी कुनाल चाहर निवासी ग्राम पोटा थाना छजलैट, को चेकिंग के दौरान पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से एक 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका किसी से विवाद चल रहा था, जिसके चलते वे अपनी सुरक्षा के लिए अवैध शस्त्र लेकर चल रहे थे। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। अवैध शस्त्र के साथ मझोला पुलिस ने भी एक युवक को पकड़कर जेल भेजा है। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि देर रात चेकिंग के दौरान प्रीत विहार कॉलोनी निवासी धर्मपाल को शक के आधार पर रोक गया। जिसके बाद पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जिला कारागार भेजा गया है।

## खोदी सड़कों की नहीं की मरम्मत, ठेकेदारों पर होगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में सीएम डैशबोर्ड, कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा, गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्था, जल जीवन मिशन, राजस्व वसूली और अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए।

गुरुवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मिड-डे मील में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्यालयों द्वारा किताबों की अनिवार्य खरीद और निर्धारित से अधिक शुल्क वसूली की शिकायतों की जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही नामांकन, शिक्षक उपस्थिति और शिक्षण स्तर पर मासिक रिपोर्ट देने के


सीएम डैशबोर्ड बैठक में मौजूद कमिश्नर व मंडल भर के अधिकारी।

- किताबों की अनिवार्य खरीद व निर्धारित से अधिक शुल्क वसूली की शिकायतों पर करें कार्रवाई
- मंडलायुक्त की समीक्षा बैठक में शिक्षा, जल जीवन मिशन और राजस्व पर कड़े निर्देश

निर्देश दिए गए। गो आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान रामपुर, बिजनौर और सम्भल की स्थिति पर चिंता जताई गई। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश में गोशालाओं में हरे चारे की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और पशुओं को पौष्टिक आहार मिले। साथ ही नस्ल सुधार, बधियाकरण और गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया गया। वहीं

आगामी गर्मी को देखते हुए पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए मंडल के सभी तालाबों को समय से भरवाने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों और गोशालाओं से जुड़े जल स्रोतों को प्राथमिकता देने की बात कही है। जल जीवन मिशन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न कराने वाले ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। सभी जिलों को ए कैटेगरी में लाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। राजस्व वसूली और योजनाओं की प्रगति पर नाराजगी

बैठक में राजस्व वसूली की स्थिति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएम डैशबोर्ड पर कई योजनाओं की स्थिति कमजोर पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए गए।

मंडलायुक्त ने जनसुनवाई और आईजीआरएस शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, पेंशन योजनाओं के लंबित मामलों को जल्द निपटाने, मनरेगा कार्यों में सुधार, खाद्यान्न दुकानों के आवंटन में तेजी और गेहूं खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा विद्युत आपूर्ति में सुधार, ट्रांसफार्मर बदलने में तेजी, गड्ढामुक्त सड़कों का निर्माण और दुग्ध भुगतान व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में मंडल के सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## काली माता मंदिर प्रकरण साधु परिवार की बैठक जल्द

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गुरु परंपरा के आधार पर निर्णय लेने की तैयारी, वरिष्ठ संतों के मार्गदर्शन में होगी चर्चा

**अमृत विचार:** लालबाग स्थित सिद्धपीठ काली माता मंदिर से जुड़े विवाद के बीच साधु परिवार ने जल्द ही वरिष्ठ संतों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। इस बैठक में मंदिर की परंपरा, अधिकार और हालिया घटनाक्रम पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

महंत राम गिरि महाराज के अनुसार मंदिर का संबंध प्राचीन काल से नागा बाबा मिश्री गिरी जी महाराज के साधु परिवार से रहा है। परंपरा के अनुसार गुरु-शिष्य परंपरा और उत्तराधिकार नियमों के तहत ही महंत और प्रबंधकों का चयन होता रहा है। बताया कि मंदिर से जुड़े प्रमुख संतों में महंत ओंकारेश्वर गिरि जी महाराज (पूर्व सचिव), श्री कृष्णानंद गिरि महाराज, महंत गिरिजादत्त गिरी महाराज (पूर्व सभापति व पीठाधीश्वर, आशापुरा माता मंदिर, भुज) और महंत दत्त गिरि महाराज (महाराष्ट्र) शामिल रहे हैं।

उनका कहना है कि श्री पंच दश नाम जूना अखाड़ा, जो नागा संन्यासियों की संस्था है, गुरु परिवार के आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकता। अखाड़ा केवल वरिष्ठ संतों की सहमति के आधार पर ही कोई निर्णय ले सकता है। बताया कि हाल में की गई कार्रवाई से असंतोष है। इसी को देखते हुए वरिष्ठ संतों की एक अहम बैठक बुलाई जा रही है। यह बैठक महामंडलेश्वर महंत कल्याण गिरी महाराज (पीठाधीश्वर, आशापुरा माता मंदिर, भुज), महंत आनंद भैरव गिरी महाराज (खड़गपुर) और महंत सुरेंद्र गिरी महाराज (खंडवा) के मार्गदर्शन में होगी।

# आईसीएसई-आईएससी के परिणाम आते ही खिले चेहरे

## रिजल्ट घोषित होने की सूचना मिलने के बाद मोबाइल फोन, लैपटॉप पर टिकी रहीं विद्यार्थियों की नजरें

- लोग एक-दूसरे से बच्चों के अंकों की जानकारी लेते नजर आए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) द्वारा आईसीएसई (कक्षा 10) और आईएससी (कक्षा 12) का परीक्षा परिणाम जारी होते ही जिले में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। सुबह से ही परिणाम का इंतजार कर रहे छात्र-छात्राओं ने जैसे ही अपने अंक देखे, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

रिजल्ट घोषित होते ही विद्यार्थियों की नजरें मोबाइल फोन, लैपटॉप और इंटरनेट पर टिकी रहीं। कई छात्र-छात्राएं अपने दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर परिणाम देखते नजर आए। अच्छे अंक आने पर कहीं खुशी के आंसू छलके तो कहीं तालियों और बधाइयों की गूंज सुनाई दी। टॉप करने वाले विद्यार्थियों के घरों में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला। मिठाइयां बांटी गईं और परिजनों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कई छात्र अपने स्कूल पहुंचकर शिक्षकों से मिले और अपनी सफलता का श्रेय उन्हें तथा अपने माता-पिता को दिया। स्कूल परिसरों में भी दिनभर हलचल बनी रही और विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलकता रहा।

रिजल्ट के दिन अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और संतोष दिखाई दिया। लोग एक-दूसरे से बच्चों के अंकों और प्रदर्शन के बारे में जानकारी लेते नजर आए। वहीं जिन विद्यार्थियों का परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें शिक्षकों और अभिभावकों ने आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। इस बीच, परिणाम देखने के दौरान कुछ विद्यार्थियों को वेबसाइट स्लो होने की समस्या का सामना करना पड़ा। अधिक ट्रैफिक के चलते कई बार साइट खुलने में समय लगा, जिससे छात्रों को बार-बार प्रयास करना पड़ा। शिक्षकों का कहना है कि इस बार विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जो उनकी मेहनत और नियमित अध्ययन का परिणाम है। अब छात्र-छात्राएं आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर नई योजनाएं बनाने में जुट गए हैं।


महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में खुशी मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार


स्प्रिंगफील्ड कॉलेज में खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### दसवीं के टॉपर्स

| विद्यार्थी | अंक | वर्ग | विद्यालय |
|---|---|---|---|
| 1 : पार्थ वर्मा | 98 .40 | विज्ञान संकाय | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 2 : फातिमा अबीरा | 97 .2 | वाणिज्य संकाय | टाइनी टॉट्स कॉलेज |
| 3 : इरना खान | 96 .60 | वाणिज्य संकाय | विल्सोनिया कॉलेज |
| 4 : फातिमा लबीबा | 96 .2 | वाणिज्य संकाय | टाइनी टॉट्स कॉलेज |
| 5 : वरीयता यादव | 96 .00 | विज्ञान संकाय | टाइनी टॉट्स कॉलेज |
| 5 : संस्कार शर्मा | 96 .00 | विज्ञान संकाय | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 6 : एना शाहवाज | 95 .80 | वाणिज्य संकाय | विल्सोनिया कॉलेज |
| 7 : प्रतीक कुमार पाल | 95 .60 | विज्ञान संकाय | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 8 : मोहम्मद हम्माद | 95 .40 | विज्ञान संकाय | विल्सोनिया कॉलेज |
| 9 : मोहम्मद अयान | 95 | विज्ञान संकाय | विल्सोनिया कॉलेज |
| 9 : इफ्लाह नाज | 95 | विज्ञान संकाय | एडम एंड ईव्स स्कूल |
| 10 : यश यादव | 94 .4 | विज्ञान संकाय | सेंट पाल्स कालेज |

**स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज**
**विज्ञान संकाय**
पार्थ वर्मा 98 .40%
संस्कार शर्मा 96%
प्रतीक कुमार पाल 95 .60%
**कॉमर्स संकाय**
देवाशीष अग्रवाल 91 .80%
हानिया अली 90 .20%
माधव कत्याल 89 .20 %

**टाइनी टॉट्स कॉलेज**
**वाणिज्य संकाय**
फातिमा अबीरा 97 .2%
फातिमा लबीबा 96 .2%
ईशा रजा 91 .4 %
**विज्ञान संकाय**
वरीयता यादव 96%
अभिषेक बोरा 90%
मोहम्मद अफ्फान अहमद 87 .2%

**विल्सोनिया कॉलेज**
इरना खान 96 .60 वाणिज्य संकाय
एना शाहवाज 95 .80 वाणिज्य संकाय
माजिया जमाल 93 .80 वाणिज्य संकाय
**विज्ञान संकाय**
मोहम्मद हम्माद 95 .40 विज्ञान संकाय
मोहम्मद अयान 95 विज्ञान संकाय
अतूबा 92 .80 विज्ञान संकाय
मंशा नाजिम 93

**महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विज्ञान संकाय**
अलमीजा जहान 88 .2%
फरदान अली 82 .4%
रुशदा आलम 80 .6%

**वाणिज्य संकाय**
मंशा नाजिम 93%
हुदा नूर 91 .6%
मुंतहा शहजाद 88 .4%

**एडम एंड ईव्स स्कूल**
इफ्लाह नाज 95%
हुदा रहमान शम्शी 87 .2%
नौसीन इस्लाम 85 .6 %

**सेंट पॉल्स कॉलेज**
**विज्ञान संकाय**
यश यादव 94 .4%
सुबोध कुमार 86 .2%
इफ्फत मसरूर 81 .8%
**वाणिज्य संकाय**
अगना अंसारी 93%
ईशा चौधरी 81 .2%
अजमल खान 67 .4%

**जीके वेल्हम कॉलेज**
**विज्ञान संकाय**
रोहित सैनी 92 .8%
समक्ष सक्सेना 92 .2%
उपेंद्र सिंह 88 .2%
**वाणिज्य संकाय**
चहक बजाज 93 .8%
अनन्या वर्मा 91 .4%
साक्षी तोमर 87 .8%
**केके पब्लिक स्कूल**
काव्या सिंह 90%
दीपिका 85%
स्वर्णिम मुदगल 84%
दक्ष गुप्ता 80%
रितिका 75%
प्रखर मालवीय 75%


रिजल्ट के बाद के के पब्लिक स्कूल में खुशी मनाते छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार


जीके वैलम स्कूल में विक्ट्री निशाना बनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार


एडम ईव्ज में परिणाम आने के बाद प्रसन्नचित्त मुद्रा में सफल विद्यार्थी। ● अमृत विचार


विल्सोनिया कॉलेज में टॉपर छात्र को मिठाई खिलातीं प्रधानाचार्य।

# 10वीं में पार्थ वर्मा, 12वीं में अर्जित सिंह प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


पार्थ वर्मा।


अर्जित सिंह।

**अमृत विचार :** गुरुवार को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) द्वारा 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम जारी होते ही छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

जिले में इस बार भी स्प्रिंगफील्ड कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज के 12वीं के टॉप टेन में नौ और दसवीं के टॉपर्स में तीन छात्रों ने स्थान बनाया। 12वीं के टॉप टेन में 13 और दसवीं की लिस्ट में 12 छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है।

हाईस्कूल (10वीं) में स्प्रिंगफील्ड कॉलेज के छात्र पार्थ वर्मा ने 98.40 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट (12वीं) में इसी विद्यालय के अर्जित सिंह ने 98.25 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप किया। दोनों ही छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सफल छात्रों को शिक्षकों और अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने भी मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज का दबदबा

विद्यालय की प्रधानाचार्य स्वाति शर्मा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत और शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जिले के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे समग्र परिणाम संतोषजनक रहा।

### इंटरमीडिएट के टॉपर्स

| विद्यार्थी | फीसदी | वर्ग | विद्यालय |
|---|---|---|---|
| 1 : अर्जित सिंह | 98 .4 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 2 : पीयूष सिंह | 96 .25 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 2 : राजदीप सिंह | 96 .25 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 3 : कार्तिकेय गुप्ता | 95 .75 | वाणिज्य | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 4 : सुगरा खान | 95 .25 | वाणिज्य | टाइनी टॉट्स कॉलेज |
| 5 : शैलेंद्र प्रताप सिंह | 95 .025 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 6 : मोहम्मद साद | 95 .00 | वाणिज्य | विल्सोनिया कॉलेज |
| 7 : मोहम्मद अरताश | 94 .75 | विज्ञान वर्ग | विल्सोनिया कॉलेज |
| 8 : आयुष कुमार | 94 .50 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 8 : हिताक्षी | 94 .50 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 9 : ओम वाष् र्णेय | 94 .25 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 10 : आदित्य वत्स | 94 .00 | विज्ञान वर्ग | स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज |
| 10 : आशीष खन्ना | 94 .00 | वाणिज्य वर्ग | विल्सोनिया कॉलेज |

**स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज**
**वाणिज्य संकाय**

| छात्र का नाम | फीसदी |
|---|---|
| कार्तिकेय गुप्ता | 95 .75% |
| मनु शुक्ला | 92 .75 % |
| आयुष कुमार | 92 .25 % |
| ब्रह्मदीप सिंह | 92 .25% |

**टाइनी टॉट्स कॉलेज**
**वाणिज्य संकाय**
सुगरा खान 95 .25%
अलीजा जावेद 92 .75%
आफरीन इल्मा 92 .25%
**विज्ञान संकाय**
तरुण कुमार 90%
वर्षा गोस्वामी 88 .5%
खुशी कुमारी 86 .5%

**जीके वेल्हम कॉलेज**
**विज्ञान संकाय**
1- भूमि सिंह 88 .75% 2- जतिन सिंह चौहान 85% 3- आर्यन 84%
**वाणिज्य संकाय**
1- खुशी 89 .25% 2- अनुष्का 84%
3-कृष्णा कक्कर 77 .75%
**केके पब्लिक स्कूल**
1- आयुष चौहान 82 .34%
2- राहुल यादव 80 .56%
3- हिमांशु 79 .23 %

**विल्सोनिया कॉलेज**
**वाणिज्य संकाय**
मोहम्मद साद 95 %
मोहम्मद अरताश 94 .75
**विज्ञान संकाय**
आशीष खन्ना 94 %
तनिष्क चावला 91 .75 %

**महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विज्ञान संकाय**
समीक्षा सक्सेना 90 .00%
सिमरन रस्तोगी 86 .50%
समृद्धि यादव 82 .50%
**कॉमर्स संकाय**
रुसदा तसलीम 92 .50%
एना जबी 89 .75%
लक्ष्मी जोशी 88%

**सेंट पॉल्स कॉलेज**
**विज्ञान संकाय**
नुरीना अनवर 92 .5%
शहर उमर अली 90 .5%
स्तुति मैसी 88 .25%
**वाणिज्य संकाय**
इफ्फत अख्तर 88 .75%
आरजू अमीन 86%
आलिया सिद्दीकी 85 .75%

# टॉपर्स को डीआईओएस ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सम्मानित करने के बाद कार्यालय पर बच्चों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 10 वीं व 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में टॉप टेन की लिस्ट आने वाले छात्र छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने कार्यालय पर बुलाकर सम्मानित किया। पहली बार जिला विद्यालय निरीक्षक ने टॉप करने वाले बच्चों को सम्मानित किया है।

टॉपर 21 छात्र -छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे अपने कार्यालय बुलाया। जहां सभी टॉपर को मिठाई खिलाई गई गई। इसके टॉपर को फूलमाला पहनाकर शील्ड देकर सम्मानित किया गया। 10 वीं के पार्थ वर्मा ,विज्ञान संकाय स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज,फातिमा अबीरा वाणिज्य संकाय टाइनी टॉट्स कॉलेज,इरना खान वाणिज्य संकाय विल्सोनिया कॉलेज,फातिमा लबीबा वाणिज्य संकाय टाइनी टॉट्स कॉलेज,वरीयता यादव विज्ञान संकाय टाइनी टॉट्स कॉलेज,संस्कार शर्मा विज्ञान संकाय स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज,एना शाहवाज वाणिज्य संकाय विल्सोनिया कॉलेज,प्रतीक कुमार पाल विज्ञान संकाय स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज,मोहम्मद हम्माद,विज्ञान संकाय विल्सोनिया कॉलेज

मोहम्मद अयान विज्ञान संकाय विल्सोनिया कॉलेज, इफ्लाह नाज एडम एंड ईव्ज स्कूल यश यादव विज्ञान संकाय सेंट पाल्स कालेज रहे। वहीं कक्षा 12 टॉपर में अर्जित सिंह विज्ञान वर्ग स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज,पीयूष सिंह विज्ञान वर्ग स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज,राजदीप सिंह विज्ञान वर्ग स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज,कार्तिकेय गुप्ता वाणिज्य स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज, सुगरा खान वाणिज्य टाइनी टॉट्स कॉलेज, शैलेंद्र प्रताप सिंह विज्ञान वर्ग स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज,मोहम्मद साद वाणिज्य विल्सोनिया कॉलेज, मोहम्मद अरताश, विज्ञान वर्ग विल्सोनिया कॉलेज,आयुष कुमार विज्ञान वर्ग स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज, हिताक्षी विज्ञान वर्ग स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज, ओम वाष्र्णेय विज्ञान वर्ग स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज,आदित्य वत्स विज्ञान वर्ग स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज, आशीष खन्ना वाणिज्य वर्ग विल्सोनिया कॉलेज को सम्मानित किया गया।


एना शाहवाज


मोहम्मद अयान


शैलेंद्र प्रताप सिंह


आदित्य वत्स


विल्सोनिया कॉलेज में खुशी मनाते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

## समाज में प्रत्येक व्यक्ति का होना चाहिए सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** किड्जी प्ले स्कूल कांशीराम नगर में गुरुवार को विशेष आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने प्रिय आंटी व अंकल के प्रति स्नेह प्रकट करते हुए उन्हें उपहार, मिठाई व वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा एक लघु नाटक की भी प्रस्तुति दी गई, जिसमें संदेश दिया कि किसी भी कार्य की सफलता में सभी वर्गों का योगदान महत्वपूर्ण होता है और समाज में प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए। प्रबंधक सोना गुप्ता सभी कर्मचारियों का माल्यार्पण कर उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना सिंह, रजनी डौंडियाल, करिश्मा गुप्ता, अदिति राघव, तनु गिल, पायल कोहली, पवन चौधरी, तानिया मित्तल, आकांक्षा गुप्ता, स्नेहा, पूजा शंकर एवं जैंसी मैसी का विशेष योगदान रहा।

# नियमित पढ़ाई और समय प्रबंधन को सफलता का मूल मंत्र बताया

**पार्थ वर्मा (10वीं, 98 .40 प्रतिशत अंक)– स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज**

पार्थ वर्मा ने जिले में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी मेहनत का परचम लहराया। बातचीत में उन्होंने नियमित पढ़ाई और समय प्रबंधन को अपनी सफलता का मूल मंत्र बताया। कहा कि मैं रोजाना छह-सात घंटे पढ़ाई करता था और हर विषय को बराबर समय देता था। पार्थ ने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित किया। उनके अनुसार, कठिन विषयों को बार-बार दोहराने और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने से काफी मदद मिली। वह आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों को दिया, जिनके मार्गदर्शन ने उन्हें निरंतर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती इसके लिए लगातार प्रयत्सशील व एकाग्र रहना चाहिए।

**फातिमा अबीरा (10वीं, 97 .20 प्रतिशत अंक) – टाइनी टाट्स कॉलेज**



– फातिमा अबीरा ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखना उनके लिए सबसे अहम रहा। कहा कि कभी पढ़ाई को बोझ नहीं समझा, बल्कि इसे सीखने का अवसर माना। वह रोजाना एक टाइम-टेबल बनाकर पढ़ती थीं और हर विषय के नोट्स खुद तैयार करती थीं। फातिमा का मानना है कि आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास सफलता की कुंजी है। भविष्य में देश की अच्छी नागरिक बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया

**इरना खान (10वीं, 96 .60 प्रतिशत अंक) – विल्सोनिया कॉलेज**



– इरना खान ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने अपनी सफलता के पीछे अनुशासन और निरंतर अभ्यास को मुख्य कारण बताया। बताया कि रोजाना छोटे-छोटे लक्ष्य बनाए और उन्हें पूरा करने की कोशिश की। उन्होंने कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया और शिक्षकों से समय-समय पर मार्गदर्शन लिया। इरना का कहना है कि सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है। वह आगे चलकर सिविल सेवा में जाना चाहती हैं। उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों के समर्थन को अपनी सफलता का सबसे बड़ा आधार बताया।

**अर्जित सिंह (12वीं, 98 .25 प्रतिशत अंक) – स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज**

– अर्जित सिंह ने 12वीं में जिले में पहला स्थान हासिल कर शानदार उपलब्धि दर्ज की। उन्होंने बताया कि उनकी सफलता का राज नियमित अध्ययन और स्पष्ट लक्ष्य रहा। कहा कि हर विषय को समझकर पढ़ने की कोशिश की, रटने से बचा। वह रोजाना सात-आठ घंटे पढ़ाई करते थे और समय-समय पर रिवीजन करते रहे। उनका मानना है कि कठिन विषयों से डरने के बजाय उन्हें समझने की कोशिश करनी चाहिए। वह सिविल सेवा में करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के सकारात्मक माहौल को दिया। कहा कि सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है। साथ ही मां पापा, शिक्षकों और ईश्वर का आशीर्वाद बेहद जरूरी है।

**कार्तिकेय गुप्ता (12वीं, 95 .75%) – स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज**



कार्तिकेय गुप्ता ने 12वीं में तीसरा स्थान हासिल कर जिले में अपनी पहचान बनाई है। बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही पढ़ाई को लेकर स्पष्ट रणनीति बनाई थी। हर विषय को समय देकर पढ़ाई की और नियमित रूप से रिवीजन करता रहा। उनका मानना है कि कठिन टॉपिक्स से बचने के बजाय उन्हें समझने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास भी किया, जिससे परीक्षा में काफी मदद मिली। लगातार खुद के पढ़े हुए को कंठस्थ्ज्ञ किया। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के अनुशासित माहौल को दिया।

**पीयूष सिंह (12वीं, 96 .25 प्रतिशत अंक) – स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज**



पीयूष सिंह ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी मेहनत का शानदार परिणाम पाया। उन्होंने बताया कि निरंतर अभ्यास और सही रणनीति उनकी सफलता की कुंजी रही। हर विषय के लिए अलग योजना बनाई और उसी के अनुसार तैयारी की। उन्होंने नियमित टेस्ट देकर अपनी कमजोरियों को पहचाना और उन्हें सुधारने पर ध्यान दिया। पीयूष का लक्ष्य आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाना है। उन्होंने कहा कि परिवार और शिक्षकों का सहयोग उन्हें हमेशा प्रेरित करता रहा। उनका मानना है कि मेहनत और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**राजदीप (12वीं, 96 .25 प्रतिशत अंक) – स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज**



राजदीप ने भी 12वीं में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ धैर्य बनाए रखना बेहद जरूरी है। कभी जल्दबाजी नहीं की, बल्कि हर विषय को धीरे-धीरे समझा। राजदीप ने नियमित रूप से रिवीजन किया और शिक्षकों के मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाया। उनका मानना है कि सकारात्मक सोच और निरंतर मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। वह आगे चलकर बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के समर्थन को दिया।


यश यादव


फातिमा लबीबा


वरीयता यादव


आशीष खन्ना


ओम वाष् र्णेय


आयुष कुमार


मोहम्मद अरताश


हिताक्षी


मोहम्मद साद


मोहम्मद हम्माद

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत, हाईवे किया जाम

## आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस ने समझाया

- काशीपुर रोड पर समाधि मंदिर के पास हुआ था हादसा
- चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर भागा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा में हादसे में युवक की मौत के विरोध में जाम लगाते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काशीपुर रोड स्थित समाधि मंदिर के पास बुधवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजनों ने गुरुवार को नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया।

नगर के मोहल्ला जाटवान, वार्ड नंबर 01 निवासी विजय सिंह का पुत्र शिव कुमार उर्फ गोलू अपनी मां अनीता के साथ दावत से बुधवार की देर रात घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों सड़क पार कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही स्प्लेंडर प्लस बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक सलीम सैफी मौके से फरार हो गया। परिजन घायलों को पहले काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से मना करने पर उन्हें मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल रेफर किया गया।

वहां उपचार के दौरान देर रात शिव कुमार की मौत हो गई, जबकि अनीता का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी आशीष प्रताप सिंह कोतवाल प्रभारी मनोज परमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इसी बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद परिजन शांत हो गए और जाम खोल दिया गया।

इसके बाद यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। पुलिस ने मृतक के सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं, कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी सलीम सैफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रेन से कटकर युवा अधिवक्ता की संदिग्ध हालात में हुई मौत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव भूड़ मरेशी निवासी युवा अधिवक्ता की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। अधिवक्ता की मौत के बाद परिवार में सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। तहसील पर सूचना मिलने पर अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन भी धारण किया और मृतक की आत्मा की शांति की कामना की।


मृतक सुमित शर्मा।

गांव भूड़मरेसी निवासी अधिवक्ता राम प्रकाश शर्मा मुरादाबाद में प्रैक्टिस किया करते है। उनके चार बेटों में छोटा बेटा 30 वर्षीय सुमित कुमार शर्मा बिलारी तहसील में अधिवक्ता बतौर प्रैक्टिस किया करता था। पिछले कुछ माह पूर्व उसका एक्सीडेंट हुआ। जिसमें उसके गंभीर चोटे आई। सवेरे 11:30 बजे वह किसी काम से भूड़ मरेसी स्थित रेलवे ट्रैक पर गया था। इसी बीच वहां से गुजर रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। भारी तादात में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में पत्नी प्रीति के अलावा दो बच्चे एक लड़का व लड़की भी है। सूचना के बाद मृतक के ससुराल पक्ष के लोग थाना बहजोई के गांव राजपुर से बिलारी पहुंचे। वहीं तहसील पर शोक सभा का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह, आफाक हुसैन, उपेंद्र यादव, कमाल अकबर, नवाब हुसैन, अनवार हुसैन ,मोहम्मद कामिल, विक्रांत कुमार,चौधरी अजय पाल सिंह, चौधरी विजयवीर सिंह, परमजीत सिंह के अलावा भारी तादाद में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खेत पर गए किसान की नहर में गिरकर मौत

**ठाकुरद्वारा:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर में खेत पर गए एक किसान की नहर में गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। काफी तलाश के बाद करीब 10 घंटे बाद उसका शव नहर में तैरता मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव निवासी 50 वर्षीय जाहिद पुत्र वन्दू बुधवार सुबह करीब 8 बजे घर से खेत जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं लौटे। इस पर चिंतित परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजन उस खेत तक भी पहुंचे, जहां जाहिद के जाने की बात कही गई थी, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। जाहिद का खेत कमलापुरी रजवाहे की बड़ी नहर के पार स्थित है, जहां पहुंचने के लिए नहर पर बनी झाल के सहारे गुजरना पड़ता है। इन दिनों नहर में पानी अधिक मात्रा में छोड़ा जा रहा है, जिससे पार करना जोखिम भरा हो गया है। शाम करीब 6 बजे परिजन फिर से तलाश में जुटे तो नहर में जाहिद का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। परिजनों का अनुमान है कि नहर पार करते समय संतुलन बिगड़ने से जाहिद पानी में गिर गए और तेज बहाव में बहकर नीचे जाकर चोट लगने से उनकी मौत हो गई।

# हल्दी कार्यक्रम से लौट रही मासूम से दुष्कर्म

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के बराबर में ही हल्दी की रस्म में भाग लेकर लौट रही 6 साल की मासूम के साथ पड़ोसी युवक ने उसे दबोच लिया और एकांत में ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध पर बुरी तरह से पीटा, बेहोशी की हालत में उसे छोड़कर भाग गया। आसपास तलाश करने पर मासूम बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। जब उसकी मां से शिकायत की तो उसने भी धमकाया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के एक गांव में 28 अप्रैल को हल्दी मेहंदी का कार्यक्रम था। शाम 8 बजे के वक्त 6 साल की बच्ची भी हल्दी मेहंदी के कार्यक्रम में गई। वहां से वापस अपने घर रात 10:30 बजे लौट रही थी। तभी गांव के फरमान उर्फ पुत्र यासीन ने 6 साल की मासूम को पकड़ लिया और एकांत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कर घायल कर दिया। काफी समय बीतने के बाद जब वह घर नहीं पहुंची तो मासूम को ढूंढा गया। बदहवास हालत में साप्ताहिक बाजार में खड़ी एक ट्रैक्टर ट्राली में मासूम बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। घर पर उसे उठाकर लाया गया। कुछ समय बाद होश में आई तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी, जब शिकायत करने आरोपी युवक के घर गए तो उसकी मां हमसीरन ने भी परिवार को धमकाया। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी युवक और उसकी मां पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## खेत में गंदा पानी भरने से फसल बर्बाद, शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम मल्हपुरा लक्ष्मीपुर के एक किसान ने खेत में गंदा पानी भरने की समस्या को लेकर एसडीएम से शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि आबादी क्षेत्र का गंदा पानी लगातार उसके खेत में छोड़ा जा रहा है, जिससे उसकी फसलें बर्बाद हो रही हैं। ग्राम मल्हपुरा लक्ष्मीपुर निवासी असरार हुसैन का चक संख्या 312 व 314 स्थित है, जो आबादी के पास पड़ता है। आरोप है कि गांव के घरों का गंदा पानी रोजाना उसके खेत में बहा दिया जाता है, जिससे हर फसल में भारी नुकसान हो रहा है। किसान ने बताया कि उसकी करीब 5 बीघा जमीन में बोई गई फसल भी पानी भरने के कारण नष्ट हो चुकी है।

# पंखे पर फंदा लगाकर युवती ने की आत्महत्या

संवाददाता, भगतपुर

- भगतपुर थाना क्षेत्र के बढ़पुरा मझरा कुरी में पहुंची पुलिस

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़पुरा मझरा कुरी में एक युवती ने पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचायतनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूचना पाकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी मौके पर पहुंची।

बुधवार की देर शाम नन्हे सिंह अपने परिजनों के साथ किसी काम से घर पर बाहर गए थे। घर पर उनकी पुत्री ओम भारती 26 वर्ष व उनकी पत्नी मौजूद थी। काफी देर तक ओम भारती के घर में नजर ना आने पर उसकी मां को चिंता हुई जिसके बाद उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो एक कमरा बंद था कमरा खोलने पर उन्होंने देखा कि कमरे में लगे पंखे पर लगाए गए फंदे पर ओम भारती लटकी हुई थी। इसके बाद उन्होंने शोर मचा कर परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में फंदे को काटा व ओम भारती को उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक अस्पताल में ले गए जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर भगतपुर पुलिस मौके पर पहुंची व परिजनों से जानकारी की। इसके बाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी मौके पर पहुंची व साक्ष्य एकत्र किए। युवती द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वह चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी एवं सरकारी नौकरी हेतु परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पंचायतनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पत्नी को ना बुलाने पर युवक फंदे पर झूला, मौत

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल में पत्नी को ना बुलाने पर युवकने नाराज होकर आत्मघाती कदम उठा लिया गले में फंदा डालकर झूल गया जिससे युवक की मृत्यु हो गई। गांव निवासी 22 वर्षीय मिस्बाह उल ने प्रेम प्रसंग के चलते गुपचुप तरीके से प्रेमिका से निकाह कर लिया जिसकी भनक परिजनों को नहीं लगी। पता लगने पर गुपचुप तरीके से प्रेम विवाह करने पर माता-पिता बेटे से नाराज हो गए। इसी बात को लेकर कई रोज से घर में विवाद चल रहा था घटना बुधवार की रात्रि लगभग 11:00 की है युवक पत्नी को बुलाने के लिए परिजनों से कहने लगा जिस पर मां-बाप ने मना कर दिया। जिससे आहत होकर गुस्से में आत्मघाती कदम उठा लिया। गले में रस्सी का फंदा डालकर लटक कर खुदकुशी कर ली, युवक को बचाने का काफी प्रयास किया नाकाम होने पर कुछ ही क्षणों में मृत्यु हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शोर शराबा सुनकर गांव में जाग हो गई, घटना से भीड एकत्र हो गई, अफरा तफरी का माहौल बन गया, सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर फांसी पर लटके हुए शव को नीचे उतारा, थाना अध्यक्ष डिलारी कृष्ण कुमार भंगेला ने बताया कि पंचनामा भरकर बिना कानूनी कार्यवाही के शव को परिजनों को सौंप दिया। गमगीन माहौल में पार्थिव शरीर को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# महिला आरक्षण बिल पर विधायक कमाल अख्तर ने सरकार को घेरा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि वर्ष 2011 में यह बिल संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हुआ था और उस समय स्पष्ट किया गया था कि पहले जनगणना कराई जाएगी, उसके बाद ही इसे लागू किया जाएगा।


विधानसभा में बोलते कमाल अख्तर।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में चुनावी माहौल को देखते हुए भाजपा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर महिला आरक्षण लागू करने की बात कर रही है, जो पूरी तरह विरोधाभासी है और राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उत्तर प्रदेश में स्वयं भाजपा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायत चुनाव नहीं करा रही है, तो केंद्र सरकार उसी आधार पर महिला आरक्षण लागू करने की बात कैसे कर सकती है। यह दोहरे मापदंड को दर्शाता है। कमाल अख्तर ने सुझाव दिया कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती है, तो ऐसा कानून बनाए जिसमें हर राजनीतिक दल के लिए कम से कम 33 प्रतिशत महिलाओं को चुनाव लड़ाना अनिवार्य हो। इससे महिलाओं का नेतृत्व स्वतः मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे ईमानदारी से लागू करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समानता के पक्ष में खड़ी रही है और आगे भी इस दिशा में संघर्ष जारी रहेगा।

## एक राष्ट्र एक अनुसंधान पर सहमति, भारतीय आर्थिक मॉडल पर मंथन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आईआईटी रुड़की एवं स्वदेशी शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रुड़की में विजन 2047 समृद्ध और महान भारत विषय पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर के अकादमिक, शोधकर्ता, उद्योग, नीति निर्माता और सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर भारतीय आर्थिक मॉडल पर मंथन किया। उप्र से प्रतिनिधित्व करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संयोजक डॉ. राजीव कुमार ने पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली और सतत विकास के लिए प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में युवा जनसंख्या की भूमिका उच्च नैतिक मूल्यों जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत, हंगामा

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मुरादाबाद संभल मार्ग स्थित महमूदपुर माफी में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक चिराग नाम से अस्पताल में प्रसव के दौरान 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया गया। जानकारी के अनुसार संभल के हजरतगढ़ी निवासी स्वाति (22), पत्नी पुष्पेंद्र को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने महमूदपुर माफी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान प्रसव के समय ही महिला की मौत हो गई, जिससे परिजन आक्रोशित हो गए।


मृतका स्वाति।



हंगामा करते परिजन। ● अमृत विचार

परिजनों ने अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सही इलाज न मिलने के कारण महिला की जान गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए मुरादाबाद-संभल मार्ग जाम करने का प्रयास भी किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के अनुसार यह अस्पताल पूर्व में किसी अन्य नाम से संचालित होता था, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया था, लेकिन बाद में कथित तौर पर बिना पंजीकरण के नया नाम देकर फिर से संचालन शुरू कर दिया गया। थाना प्रभारी किरनपाल सिंह ने बताया कि अभी किसी की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हो पाई है फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को निरीक्षण दल द्वारा उर्दू विभाग का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य प्रो. चारु मेहरोत्रा के नेतृत्व में विभाग की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का व्यापक एवं सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

गुरुवार को निरीक्षण दल में शामिल डॉ. पारुल त्यागी (विश्वविद्यालय प्रतिनिधि), डॉ. जहांगीर (विषय विशेषज्ञ, कला संकाय) एवं डॉ. सुधीर कुमार (क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी) शामिल रहे। दल ने पुस्तकालय,कक्षाओं, स्मार्ट क्लास, विभागीय कक्ष, कॉमन रूम, शोध कक्ष, छात्राओं के वॉशरूम तथा पेयजल व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, संदर्भ सामग्री और उनके सुव्यवस्थित संधारण को संतोषजनक पाया गया। उर्दू विभाग द्वारा संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों,अभिलेख व्यवस्था, कक्षाओं की स्वच्छता तथा आधुनिक शिक्षण संसाधनों के उपयोग को अनुकरणीय बताया गया।

इस अवसर पर विभाग प्रभारी एवं समस्त प्राध्यापकों ने दल का औपचारिक स्वागत किया और विभाग की उपलब्धियों व भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# विपणन निरीक्षक ने गेहूं से भरा वाहन जब्त कर वसूला जुर्माना

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** अवैध रूप से गेहूं की खरीद कर मंडी शुल्क जमा ना करने एवं अन्य मामलों में मंडी समिति के विपणन निरीक्षक ने एक व्यक्ति का गेहूं से भरा वाहन जप्त करते हुए 42955 रुपये का जुर्माना वसूल किया है।

विगत 3 दिन पूर्व मंडी समिति के विपणन निरीक्षक को सूचना मिली कि शहजाद पुत्र कलवा टॉर्क अमरोहा अवैध रूप से गेहूं की खरीद कर मंडी सूरत बिना जमा किए गेहूं का वहां भर कर ले जा रहा है सूचना मिलते ही विपणन निरीक्षक ने थाना कांठ पुलिस को घटना की जानकारी दी थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम ने पीछा कर अवैध रूप से गेहूं से भरे बहन को पकड़ लिया। विपणन निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने मंडी शुल्क एवं अन्य मामलों में 42955 का जुर्माना वसूल विपणन निरीक्षक ने कहा कि अगर कोई भी व्यापारी अवैध रूप से गेहूं की खरीद करेगा समान शुल्क चोरी और अधिक स्टॉक रखेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।


जब्त हुआ वाहन। ● अमृत विचार

### क्षमता से अधिक गेहूं स्टॉक करने की जांच को टीम गठित

**कांठ, अमृत विचार :** भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देश पर जिलाधिकारी ने थोक एवं रिटेलर व्यापारियों को क्षमता से अधिक गेहूं खरीद कर स्टॉक करने को लेकर टीम गठित कर तहसील स्तरीय गठित टीम के इंस्पेक्टर को निर्देशों का कढ़ाई के साथ अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार उपभोक्ता मामले व खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देश पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने व्यापारी थोक व्यापारी अधिकतम 3000 मेट्रिक टन रिटेलर प्रत्येक रिटेलर बिग चैन रिटेलर सभी के लिए गेहूं खरीद की एक क्षमता स्टॉक की निर्धारित कर दी है।

## स्मार्ट मीटर का प्रचार तेज करेगा बिजली विभाग

**मुरादाबाद , अमृत विचार:** बिजली विभाग स्मार्ट मीटर योजना के प्रचार-प्रसार को तेज करने जा रहा है। उपभोक्ताओं तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विभाग अब विज्ञापनों और होर्डिंग का सहारा लेगा। इसके तहत जनपद के प्रमुख चौराहों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग लगाए जाएंगे। गुरुवार को मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट मीटर प्रणाली लागू होने से बिजली चोरी पर काफी हद तक रोक लगेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को सटीक और पारदर्शी बिलिंग की सुविधा मिलेगी, जिससे अनावश्यक विवादों में भी कमी आएगी। यह अभियान न केवल जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

रोशन सिंह चौहान स्मारक महाविद्यालय
(सम्बद्ध-गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
ग्राम टाण्डा कोठी, पोस्ट खासपुर वाया पाकबड़ा (असमोली), जिला सम्भल-244102
आवश्यकता
1. बी०एड० विभाग में प्रवक्ताओं के-06 पद
2. एम०ए० -01 - 01 पद (शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल व गृहविज्ञान)
3. एम०एस०सी० - 01-01 पद (रसायनशास्त्र व जन्तुविज्ञान) (वेतन व योग्यता :- एन०सी०टी०ई० एवं यू०जी०सी० मानकानुसार)
4. क्लर्क - 01 पद (योग्यता- NCC, C-Certificate एवं कम्प्यूटर, MS Office का ज्ञान व हिन्दी टाइपिंग) उम्र 20 से 28 वर्ष
5. एकेडमिक काउंसलर - 01 पद (फीमेल) उम्र 25 से 35 वर्ष (योग्यता पी०जी० के साथ एम०एड०)
सम्पर्क करें :- प्रबन्धक मनीष चौहान (एड0), मो0 - 9997746066, ई-मेल - manish.chauhanmbd@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**न्यूज ब्रीफ**

### यश शर्मा बने उद्योग व्यापार मंडल के नगर सचिव

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर नगर इकाई में यश शर्मा को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रामपुर का नगर सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी द्वारा की गई। उन्होंने यश शर्मा को नगर सचिव पद का कार्यभार विधिवत रूप से सौंपा और संगठन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि संगठन लगातार व्यापारियों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करता रहा है और आगे भी व्यापारियों के अधिकारों के लिए मजबूती से कार्य करता रहेगा। जिम्मेदारी मिलने के बाद यश शर्मा ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कई पदाधिकारियों ने यश शर्मा को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**रामपुर पहुंचे फिल्म कलाकार, बचपन में प्यार से मुन्ने मियां नाम से पुकारते थे सभी**

# अपनी गली में पहुंचे तो बचपन की यादों में खो गए अभिनेता रजा मुराद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अपनी बुलंद आवाज की बदौलत फिल्मी दुनिया में शोहरत हासिल करने वाले मशहूर अभिनेता रजा मुराद गुरुवार सुबह अपने शहर रामपुर पहुंचे। यहां वह उस गली में भी पहुंचे, जहां उनका बचपन बीता। उन्होंने मीडिया के साथ अपने बचपन की यादों को साझा किया।

गुरुवार दोपहर जैसे ही वो मोहल्ले में पहुंचे तो आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। एक बुजुर्ग महिला ने उन्हें आवाज लगाई कि मुन्ने मियां कहां हैं। मुन्ना मियां नाम सुनकर तमाम युवा चौंक गए। तब रजा मुराद खुद बोल पड़े, उनका बचपन का नाम मुन्ने मियां ही है। आज यह नाम सुनकर उन्हें बहुत खुशी हुई।


बब्बू हलीम वालों के यहां पहुंचे तो लोगों ने ली रजा मुराद के साथ सेल्फी।


रामपुर में अभिनेता रजा मुराद।

अभी कोई तो जिंदा है जो उन्हें इस नाम से पुकार रहा है। शहर के जीना इनायत खां मोहल्ले से रजा मुराद की बचपन की यादें जुड़ी हैं। उनका बचपन इसी मोहल्ले में बीता है। यहां उनका पुश्तैनी घर भी हुआ करता था, बचपन की यादों को ताजा करते हुए रजा मुराद बोले, हमारा बचपन इन्हीं गलियों में बीता है। इसी गली में दोस्तों के साथ खेलते थे। उन्होंने प्राइमरी शिक्षा यहीं से पूरी की। घेर नज्जू खां मोहल्ले में इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन स्कूल में पढ़ते थे। तब गैस नहीं हुआ करती थी। उनकी मां चूल्हे पर खाना बना कर देती थीं। उनकी तीन बहनें भी थीं। उस वक्त शाहबाद गेट से सिविल लाइंस थाने तक कोई मकान या दुकान नहीं हुआ करती थीं, जबकि अब इस रोड पर तमाम आलीशान इमारतें खड़ी हैं। वह कोठी खासबाग में भी घूमने के लिए गए। आलीशान कोठी को देखा और बाग में भी घूमे। बताया कि इस बाग में करीब एक लाख से ज्यादा पौधे लगे थे और बड़े अच्छे फल आया करते थे। वो शहर में बब्बु हलीम वालों के यहां भी पहुंचे, जहां लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली।

### ऐसे शुरू हुआ फिल्मी सफर

रजा मुराद के वालिद मुराद खान नवाबी दौर में ही मुंबई चले गए थे और फिल्मों में अदाकारी करने लगे। करीब 550 फिल्मों में मुराद साहब ने काम किया। उन्होंने ज्यादातर फिल्मों में जज और पुलिस अधिकारियों का रोल अदा किया। पिता से मिली विरासत को आगे बढ़ते हुए रजा मुराद ने भी फिल्मी दुनिया में कदम रखा और तमाम नामचीन फिल्मों में काम किया। राम तेरी गंगा मैली हो गई, प्रेम रोग हिना और पद्मावत जैसी सुपरहिट फिल्मों में भी रजा मुराद ने शानदार भूमिका निभाई। वह कहते हैं उनके पास 586 फिल्मों की लिस्ट है, जिनमें उन्होंने काम किया है। उन्होंने और उनके पिता ने कुल मिलाकर करीब 1200 फिल्मों में काम किया है, जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। फिल्मी दुनिया में आए बदलाव को लेकर बोले, यह दुनिया का दस्तूर है। बदलाव आता रहता है। पहले फिल्में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनती थी। इसके बाद पारिवारिक फिल्में बनने लगी, फिर डकैतों की फिल्में और एक्शन मूवी आने लगीं। समाज में बदलाव के साथ ही फिल्मों में भी बदलाव आता रहा है। पहले विलेन का रोल कुछ खास कलाकार ही किया करते थे, लेकिन अब किसी से भी विलेन का रोल दे दिया जाता है।

## राजकीय पॉलीटेक्निक में 10 मई तक बढ़ी प्रवेश की तिथि

**रामपुर, अमृत विचार:** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़कर 10 मई हो गई है। कालेज प्राचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि अब पॉलिटेक्निक कालेज में प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राएं 10 मई तक प्रवेश ले सकत हैं। उन्होंने बताया कि पालिटेक्निक कालेज की प्रत्येक ट्रेड में छात्र-छात्राओं को तीन वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है। पॉलिटेक्निक कॉलेज में इलेक्ट्रिकल के दो, इलेक्ट्रानिक का एक, इंस्टोमेंटेशन कंट्रोलर की एक और कंप्यूटर की एक ट्रेड है। राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज में इंजीनियरिंग, तकनीकी और व्यावसायिक विषयों की दी जाती है। कालेज के प्रवक्ता सिमरत गिल सचिव संजीव कुमार सिंह ने ऑन लाइन प्रवेश प्रक्रिया को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 10 मई कर दिया है। अभ्यर्थी 10 मई को रात 12 बज तक ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं।

# 10वीं में अंश और 12वीं में शिवांगी जिला टॉपर

**आईसीएसई 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित, अच्छा रिजल्ट देखकर खुशी से उछले विद्यार्थी**


आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं का परिणाम घोषित होने के बाद पास होने पर खुशी से उछलते छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार दोपहर आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं का परिणाम घोषित हो गया। आईसीएसई 10वीं में अंश चंदेल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त जिला टॉप किया है। आईएससी 12वीं की छात्रा शिवांगी सिंह ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉप किया है। हालांकि जिले में आईसीएसई और आईएससी का एक ही स्कूल है।

शिक्षकों और परिजनों ने जिला टॉपर को मिठाई खिलाकर हर्ष जताया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लंढौरा नारायणपुर स्थित साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में कुल 106 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर ली है। 10वीं में 70 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 12वीं में 49 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसके सापेक्ष रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिवांश सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के डायरेक्टर दिलीप सक्सेना एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अर्जित सक्सेना ने भी सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के निरंतर प्रयासों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी छात्र-छात्राएं इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करते रहेंगे।

**कक्षा 10 के मेधावी**


अंश चंदेल- 96 प्रतिशत, जिला टॉपर


फलक खान 91 प्रतिशत


एंजिल शैलेजा यादव-88 .5 प्रतिशत

**12वीं की जिला टॉपर**


शिवांगी सिंह 91 प्रतिशत


12वीं की जिला टॉपर को मिठाई खिलाते परिजन।


10वीं जिला टॉपर को मिठाई खिलाते परिजन।

## संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से गिरकर मिस्त्री घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** एक राजमिस्त्री चलती ट्रेन से अचानक पटरियों पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान नगर के डाकखाना रोड पर सरकारी नलकूप के पास रहने वाले सोनू कश्यप के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि सोनू कश्यप पेशे से राजमिस्त्री हैं। किच्छा (उत्तराखंड) में उनकी ससुराल है। वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल गए थे। वहां उन्होंने अपने साले सतीश के साथ हरियाणा जाकर गुरुदेव के दर्शन करने का कार्यक्रम बनाया। गुरुवार सुबह वह लालकुआं रेलवे स्टेशन से पुरानी दिल्ली तक पहुंचने के लिए अपने साले के साथ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सवार हुए। इसी बीच ट्रेन के डिब्बे में वह गेट पर खड़े हो गए। ट्रेन जब स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी, तभी अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वह चलती ट्रेन में डिब्बे से बाहर पटरियों पर गिर पड़े। स्थानीय रेलवे स्टेशन और कुर्थिया फाटक के बीच पड़ने वाले श्मशान घाट के पास सड़क निर्माण कार्य हो रहा था।

# पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई


पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त होने पर विदाई देते अधिकारी। • अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** गुरुवार को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस लाइन परिसर में विदाई समारोह हुआ। सेवानिवृत्त होने पर क्षेत्राधिकारी टांडा व लाइन द्वारा सप्रेम उपहार भेंट कर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस चंद्रपाल सिंह निवासी लक्ष्मीनगर थाना धामपुर, बिजनौर की प्रथम नियुक्ति स्थान व 15 जून 1990 को रिजर्व पुलिस लाइन बिजनौर में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर हुई थी। 6 जिले बदायूं, बरेली, अमरोहा, संभल, पीलीभीत, रामपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2018 में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्राप्त की।

सेवा काल में 35 नगद पुरस्कार, 31 उत्तम प्रविष्टि प्रदान की गई है। वर्तमान तैनाती पुलिस लाइन रामपुर है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विमलेश यादव अगवानपुर, थाना सिविल लाइन मुरादाबाद की प्रथम नियुक्ति 15 अगस्त 1999 को पुलिस लाइन रामपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में हुई थी। सेवा काल में 65 नगद पुरस्कार मिले हैं। दोनों को ससम्मान विदाई दी गई।

# अर्थव्यवस्था को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे शुरू

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के सर्वे कार्यों के सफल संचालन के लिए रामपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के उद्देश्य से नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत यह सर्वे कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सटीक आंकड़ों के संकलन में सहायता मिल सके। उक्त सर्वे कार्य जुलाई 2025 से दिसंबर 2026 तक संचालित हैं। जो भारत सरकार के सांख्यिकी कार्यक्रम मंत्रालय के अंतर्गत अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन सर्वेक्षणों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाना है। माह मई 2026 में जनपद के विकास खंड मिलक, चमरौआ एवं स्वार क्षेत्र में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में सर्वे कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पिपलिया रजवाड़ा, बॉस नगली एवं हरदासपुर कोठरा में निर्धारित तिथियों पर सर्वेयरों द्वारा घर-घर जाकर आवश्यक सूचनाएं एकत्रित की जाएंगी। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम प्रधानों एवं अन्य जिम्मेदार लोगों कार्य में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने की बात कही है।

# हत्या में पति व प्रेमिका को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कोर्ट ने 10-10 हजार रुपए का लगाया जुर्माना


आरोपी प्रेमिका अमनदीप कौर।


पुलिस हिरासत में आरोपी अमरीक सिंह।

**अमृत विचार:** न्यायालय एडीजे प्रथम रामपुर ने गुरुवार को पत्नी चरणजीत कौर की गला दबाकर हत्या करने के मामले में पति अमरीक सिंह और उसकी प्रेमिका अमनदीप कौर को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। गुरुवार को सजा सुनाने के दौरान दोपहर करीब डेढ बजे दोनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में जिला कारागार से कोर्ट लाया गया। उम्रकैद की सजा मिली तो दोनों आरोपी सन्न रह गए।

स्वार कोतवाली क्षेत्र के मिलक खानम थाना क्षेत्र के नानकारेन गांव निवासी सुखदेव सिंह ने 29 मार्च 2024 को अपनी चचेरी बहन चरणजीत कौर की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। चरणजीत कौर की शादी भगवंतनगर निवासी अमरीक सिंह से हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि अमरीक सिंह के अपनी प्रेमिका अमनदीप कौर से अवैध संबंध थे। आरोप है कि चरणजीत कौर इन संबंधों में बाधा बन रही थी, जिसके चलते अमरीक सिंह ने प्रेमिका के कहने पर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने विवेचना के बाद दोनों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों सहित कई अहम साक्ष्य कोर्ट में पेश किए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रताप सिंह मौर्य ने दोनों के खिलाफ मजबूत पैरवी की। वहीं बचाव पक्ष ने आरोपियों को निर्दोष बताते हुए दो गवाह पेश किए, लेकिन कोर्ट ने अभियोजन के साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए दोनों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने बुधवार को दोनों आरोपी पति अमरीक सिंह और प्रेमिका अमनदीप कौर को दोषी ठहराया था। जबकि गुरुवार को कोर्ट ने दोनों को उम्र कैद की सजा सुना दी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता व आरोपियों के परिजनों ने बताया कि वो फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

### रामपुर में नई वाहन पंजीकरण सीरीज प्रारंभ

**रामपुर, अमृत विचार :** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रामपुर जिले में 29 अप्रैल 2026 से नई वाहन पंजीकरण सीरीज यूपी22बीएल प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक वाहन स्वामी नई सीरीज प्रारंभ होने के अवसर पर च्वाइस रजिस्ट्रेशन नंबर का आरक्षण ऑनलाइन माध्यम से करा सकते हैं। इसके लिए वाहन स्वामी parivahan.gov.in पर जाकर ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया या प्रथम आगत-प्रथम पावत के सिद्धांत के आधार पर अपनी पसंद की पंजीकरण संख्या सुरक्षित कर सकते हैं।




# कौशल विकास का माध्यम बनेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के लिए योजना बैठक।

- भाजपा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के लिए योजना बैठक

**अमृत विचार:** रामविहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान- 2026 के तहत योजना बैठक हुई। प्रदेश स्तर से नियुक्त अभियान प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बरेली पवन शर्मा मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व कौशल के विकास का सशक्त माध्यम बनेगा।

उन्होंने प्रशिक्षण महा अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं संगठन की मजबूती में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने की। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ताओं में निहित होती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास और संगठनात्मक क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की कि वे पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ इस अभियान में सहभागिता करें तथा इसे बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं, जिससे संगठन और अधिक सशक्त हो सके प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन दिनांक 8 एवं 9 मई को उत्सव पैलेस, रामपुर में किया जाएगा। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक सुभाष भटनागर, अभय गुप्ता, रविंद्र सिंह रवि, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, विकास दीक्षित, प्रदीप गुप्ता, विवेक रुहेला, पारुल अग्रवाल, करतार सिंह लोधी, कुंवर बहादुर राजपूत, दीपक गुप्ता, पवन कुमार, रघुवीर सिंह जाटव, पवन शर्मा, पंकज सैनी, प्रमोद आहूजा, अशोक बिश्नोई, विवेक बिश्नोई, शुभम सक्सेना, कपिल गुप्ता, पूजा शर्मा, मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूरिया न मिलने पर किसानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार:** भाकियू अंबावता के कार्यकर्ता गुरुवार को प्रदेश सचिव अब्दुल हसन पाशा नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यूरिया किसानों को न मिलने की शिकायत पर प्रदर्शन किया। किसानों ने तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रदेश सचिव अब्दुल हसन पाशा ने कहा कि किसानों को यूरिया पूरी नहीं मिल रही है। सहकारी समितियां पर अधिकारियों का कहना है कि हम रोज 80 कट्टे से ज्यादा वितरित नहीं कर सकते हैं। यह सुनकर किसानों में भारी आक्रोश पनप रहा है। खसरा खतौनी के आधार पर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए। यूरिया के कट्टे के साथ बेवजह की दवाई की बोतल यूरिया कटटे के साथ मिलाकर ना दें। बिलाल खान, शाहरुख मियां, फैजान, दयानंद, बंटी सागर, गुरमीत सिंह, गुरमेल सिंह, जीत सिंह, अजय सिंह, समीर वारसी, फैज वारसी, इसरार पाशा, शाहनवाज पाशा, सोहेल, मोहम्मद जुबेर, फहीम बबलू आदि रहे।


कलेक्ट्रेट में यूरिया ना मिलने पर प्रदर्शन करते किसान। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### डिजिटल दौर में सजग रहने की जरूरत: डॉ. पुरी

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5 के द्वितीय चरण में बुधवार को कालेज सभागार में डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्यवक्ता डॉ. सोनू पुरी ने छात्राओं को डिजिटल युग की चुनौतियों और अवसरों की जानकारी दी। कहा कि डिजिटल दौर में सजग रहने की जरूरत है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता ने बताया कि छात्राएं अधिक से अधिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करें जिससे मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को पूर्णता प्राप्त हो सके। उन्होंनेवित्तीय धोखाधड़ी, फिशिंग हमले और सोशल मीडिया पहचान की चोरी जैसे गंभीर विषयों की बाबत बताया। कहा कि जैसे-जैसे हम डिजिटल हो रहे हैं, हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ रही है। इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज को एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण प्रदान करना है। संचालन डॉ. प्रीति लता ने किया और डॉ. मनोरमा चौहान ने आभार जताया। इस अवसर पर प्रो. अनिता देवी अग्रवाल, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. जया कुमारी आदि मौजूद रहे।

### दो तमंचो के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किए

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने अलग अलग जगहों पर छापामार कार्रवाई कर दो आरोपियों से दो तमंचे एवं दो जीवित कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुरुवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि मोहल्ला नौगजा से पहले पुलिया के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी की घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान 315 बोर का तमंचा एवं एक जीवित कारतूस बारमद कर बब्लू निवासी मोहल्ला रसूलपुर को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। वहीं दुसरी तरफ पुलिस नगर के मौहल्ला काशीपुर निवासी सहरोज उर्फ जग्गा उर्फ सोनू को गांव जालफ नगला मार्ग स्थित मजार के पास से हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बारह बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है। कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियो का आपराधिक इतिहास भी रहा है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में पांच मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, पशु क्रूरता अधिनियम और आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं।

### बाइक पर पेड़ की डाल गिरने से श्रमिक की मौत

कांठ, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर निवासी बबली पुत्र मानचंद्र 40 वर्ष, रिजवान और आमिर राज मिस्त्री का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। तीनों श्रमिक ऊमरी कलां के पास कार्य कर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। सायं 7 :00 बजे करीब जबरदस्त आंधी तूफान आया। ऊमरी कलां छजलैट मार्ग पर जैसे ही उनकी बाइक ग्राम मथाना के पास पहुंची, आंधी तूफान से एक विशाल वृक्ष की डाल उनकी बाइक पर गिर गई। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी कांठ लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान बबली की मौत हो गई।

# आंधी से बिजली के तारों पर गिरे पेड़, मसवासी क्षेत्र में 32 गांवों की बिजली आपूर्ति हुई ठप

## जगह-जगह उड़े होर्डिंग और बैनर, सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


बारिश के बीच जाते लोग। ● अमृत विचार


आई आंधी में पेड़ों की स्थिति। ● अमृत विचार

अमृत विचार: गुरुवार को शाम ढले आंधी से कहीं पेड़ और कहीं उनकी डालियां टूटकर बिजली के तारों पर गिर गए जिससे शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली ठप हो गई। तेज आंधी बारिश में दढ़ियाल-टांडा की हाईटेंशन लाइन में फाल्ट आने से मसवासी क्षेत्र के 32 गांवों की बिजली ठप हो गई। आंधी से आम के बागों में आंधी से नुकसान हुआ है।

सुबह से सूरज और बादलों के बीच लुका छिपी का खेल चल रहा था। शाम करीब 7:15 बजे तेज आंधी आने से जगह-जगह पेड़ या उनकी डालियां टूटकर बिजली की लाइनों पर गिर गईं और बिजली ठप हो गई। इसके अलावा शहर में लगे होर्डिंग और बैनर उड़ गए। तेज आंधी में स्वार रोड पर पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए जिसके कारण वाहनों के पहिए थम गए। ड्राइवर और यात्रियों ने काफी मशक्कत के बाद सड़क पर गिरे पेड़ों को उठाकर किनारे किया और इसके बाद यातायात सुचारु हो सका। बिलासपुर और शाहबाद रोड पर भी आंधी से पेड़ गिर गए। जिसके कारण यातायात बाधित हुआ लेकिन, लोगों ने सड़क से पेड़ हटवाकर रास्ता साफ किया। आम के बागों में आम की फसल को बहुत नुकसान पहुंचा है आंधी के बाद आम की फसल बाग में गिर गई है। मौसम वैज्ञानिक 2 मई तक गरज के साथ बारिश का अनुमान जता रहे हैं और यलो अलर्ट जारी किया गया है। मसवासी संवाददाता के मुताबकि गुरुवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया लेकिन, आंधी और बारिश के बीच दढ़ियाल -टांडा के बीच स्थित हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट आ गया। इसके चलते मसवासी नगर के अलावा भूबरा, चौपुरा, रहमतगंज, सीतारामपुर, कुंदनपुर, अलीगंज, मुकुंदपुर, हसनपुर, उत्तरी पट्टीकला, घोसीपुरा, सेमरा, लाडपुर, मानपुर, महाराजपुर, बब्बरपुरी, लोहार, इनायतगंज, खानपुर, मोतीपुरा, फतेहगंज, धर्मपुर, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर समेत कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

> मौसम सामान्य होने के बाद दढ़ियाल-टांडा की एचटी लाइन की पेट्रोलिंग कराई जाएगी, जिसके बाद आपूर्ति बहाल की जाएगी।
> – श्याम सिंह, अवर अभियंता

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 24 डिग्री से. |
| न्यूनतम तापमान | 21 डिग्री से. |
| आद्रता | 72 प्रतिशत |
| वायु वेग | 13 किमी. प्रति घंटा |

# खनन माफिया ने चार एकड़ भूमि से उठाई गहरी मिट्टी

संवाददाता बिलासपुर

- मामले में किसानों ने कार्रवाई की मांग

अमृत विचार: खनन माफियाओं ने तीन छोटे किसानों की करीब चार एकड़ उपजाऊ भूमि को रात भर में मिट्टी विहीन कर दिया। माफियाओं ने जेसीबी और डंपरों की खेतों से करीब आठ-आठ फीट गहरी मिट्टी उठा ली, जिससे अब किसानों के खेत गहरे गड्ढों में तब्दील हो गए हैं।

बरेली जिले के गांव मोहनपुर निवासी इब्ने अली खां, जुबैदा बेगम और मोहब्बत अली की क्षेत्र के नवाबगंज मार्ग स्थित गांव चकफेरी में गाटा संख्या 205 की लगभग आठ एकड़ कृषि भूमि दर्ज है। देख रेख के लिए तीनों किसानों ने अपनी भूमि को नगर से सटे गांव हिरनखेड़ा निवासी सगीर अहमद खां को ठेके पर दे दिया। मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायत में पीड़ित किसानों का आरोप है कि क्षेत्र के खनन माफियाओं ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए बड़ी संख्या में जेसीबी और डंपर उनकी चार एकड़ खेत में उतार दिए। सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचे, तो मंजर देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चार एकड़ भूमि से उपजाऊ मिट्टी गायब थी और खेत किसी गहरी खाई जैसे नजर आ रहे थे। किसानों ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन को सूचना देने के बावजूद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन का मौन रहना माफियाओं के हौसलों को और अधिक हवा देता नजर आया। कोतवाली पुलिस और तहसील प्रशासन से के बाद पीड़ित किसानों ने अब मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत की है। किसानों की मांग है कि माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी जमीन को पूर्ववत स्थिति में लाया जाए और हुए आर्थिक नुकसान का मुआवजा दिलाया जाएं। हल्का लेखपाल अवनीश कुमार का कहना है कि इसकी एक जांच आख्या तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंप दी है। अधिकारियों के निर्देशानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रोवर्स-रेंजर्स ने बनाए टेंट, पाक कला में कमला टोली प्रथम


रचनात्मक कार्यों का अवलोकन करते अतिथि। ● अमृत विचार

रामपुर, अमृत विचार: राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में गुरवार को रोवर्स-रेंजर्स ने टेंट निर्माण किया और बिना बर्तन के भोजन बनाया। इससे पहले प्रतिभागियों को छह टोलियों में विभाजित किया गया। पाक कला में कमल टोली प्रथम रही। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरएस गिरि ने ध्वजारोहण किया प्रार्थना एवं झंडा गीत हुआ। रोवर्स-रेंजर्स शिविर के तीसरे दिन प्रतिभागियों को झांसी की रानी टोली, कमल टोली, मदर टेरेसा टोली, शहीद भगत सिंह टोली, सरस्वती टोली एवं प्रकृति टोली में बांटा गया। सभी टोलियों को टेंट निर्माण एवं पाक कला का दायित्व सौंपा गया। पाक कला में कमल टोली प्रथम, झांसी की रानी टोली द्वितीय जबकि, सरस्वती टोली तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शीतल सिंह, विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार जीएसटी सुपरिंटेंडेंट, रोवर्स प्रभारी डॉ. जोगेंद्र कुमार, रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनीषा रानी, डॉ. कैलाश चंद्र, डॉ. बाल मुकुंद वर्मा, राजेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार आदि रहे।

# इमला लिखकर हो जाती थी होमगार्ड की भर्ती

- एक माह प्रशिक्षण मिलने के बाद मिल जाती थी नौकरी
- भर्ती परीक्षा को लेकर बोले होमगार्ड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: होमगार्ड की नौकरी कर रहे लोगों ने बताया कि पहले इमला लिखने और फिजिकल टेस्ट के बाद ही भर्ती हो जाती थी। इसके बाद भर्ती हुए होमगार्ड को एक माह का प्रशिक्षण दिया जाता था। प्रशिक्षण के दौरान का उन्हें कोई पैसा नहीं मिलता था, अब प्रशिक्षण के दौरान भी पूरा मानदेय मिलेगा।

लिखित परीक्षा पास करने के बाद होमगार्ड का फिजिकल होगा और इसके बाद तीन माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस वर्ष से होमगार्ड को प्रशिक्षण का काल का मानदेय भी मिलेगा। होमगार्ड की परीक्षा में यूपीएससी की तर्ज पर विज्ञान, इतिहास, विश्व राजनीति, इतिहास, खेल और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए थे। प्रश्न पत्र देखकर अधिकांश परीक्षार्थियों के सिर चकरा गए। तीन दिन हुई होमगार्ड की परीक्षा के लिए 16704 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था जिसके सापेक्ष तीनों दिन हुई छह पालियों में 3,773 परीक्षार्थी नदारद रहे। परीक्षार्थियों ने बताया था कि पेपर बहुत कठिन आए हैं और किन विषयों की तैयारी करें यह भी साफ नहीं था। होमगार्ड की पहली बार लिखित परीक्षा हुई और सवालों ने उन्हें उलझा दिया। क्योंकि पेपर की तैयारी करने के लिए उनके पास कोई दिशा नहीं थी। जबकि 20-20 वर्ष से नौकरी कर रहे होमगार्डों ने बताया कि उनके समय में तो नापतौल हुई और इसके बाद एक महीने की ट्रेनिंग ली और होमगार्ड के पद पर तैनाती हो गई थी।


> होमगार्ड भर्ती के लिए पहली बार लिखित परीक्षा हुई है। जब भर्ती हुए तब किसी ने कोई एक सवाल भी नहीं पूछा था। नापतौल के बाद ट्रेनिंग हुई और भर्ती हो गए थे।
> – चरण सिंह


> जब हम होमगार्ड में भर्ती हुए तब परीक्षा नहीं होती थी। केवल लंबाई और सीने की नापतौल होती थी। इसके बाद एक माह की ट्रेनिंग हुई थी और होमगार्ड में भर्ती हो गए थे।
> – शांति स्वरूप


> इस बार होमगार्ड भर्ती के पेपर देखे बहुत कठिन थे। बिल्कुल ऐसा लग रहा था कि यूपीएससी की परीक्षा के पेपर हों। परीक्षा में दिमाग घुमा देन वाल प्रश्न पूछे गए थे।
> – प्रेम सिंह


> होमगार्ड भर्ती 2011 के बाद हो रही है। पहले लखनऊ से टीम आती थी और वह करीब आठ दिन रुककर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे होमगार्ड की क्रॉस चेक करने को नाप तौल करती थी। होमगार्ड को इमला लिखवाया जाता था और यही उसकी योग्यता का आधार था। अब होमगार्ड को करीब 30 हजार रुपये प्रतिमाह मिल जाता है जोकि, सम्मान जनक राशि है।
> – कमलेश चौहान, कमांडेंट होमगार्ड


> होमगार्ड को हमारे समय में इतना मानदेय भी नहीं मिलता था और लोग होमगार्ड में भर्ती भी नहीं होना चाहते थे। जो भर्ती में पहुंच जाता था उसकी भर्ती हो ही जाती थी।
> – फूल सिंह लोधी

# किशोरियों को लगी एचपीवी वैक्सीन

रामपुर, अमृत विचार : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से इससे बचाव संभव है। जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया था और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बतया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए किशोरियों को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन का टीका लगवाया गया। इस अभियान के तहत 14 वर्ष तक की किशोरियों को वैक्सीन लगवाई गई। उन्होंने बताया कि किशोरियों को गार्डासिल-4 क्वाड्रिवैलेंट और एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी गई। जोकि, सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है।

# स्टेडियम में लगेगी 15 लाख से बरमूडा घास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सीगनखेड़ा स्थित स्टेडियम में बनी क्रिकेट पिच। ● अमृत विचार

- सिंगनखेड़ा में तैयार हो रहा 22 बीघा जमीन पर क्रिकेट स्टेडियम
- 5 लाख की लागत से 3 पिचें तैयार, घास लगते ही शुरू होंगे डे-नाइट क्रिकेट मैच

अमृत विचार: सींगनखेड़ा स्थित क्रिकेट स्टेडियम पर 15 लाख रुपये की कीमत की बरमूडा और सिलेक्शन वन घास की रोपाई होगी। बरमूडा घास अपनी असाधारण गर्मी और सूखे को सहन करने की क्षमता और भारी उपयोग के बावजूद जल्दी ठीक होने की क्षमता के लिए जानी जाती है। सिलेक्शन वन घास अपनी घनी बनावट, मुलायम सतह और तेजी से बढ़ने की क्षमता के कारण क्रिकेटरों को लोकप्रिय है। स्टेडियम पर 5 लाख की लागत से 3 पिचें तैयार हो चुकी हैं।

सींगनखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम के सामने उसी तर्ज पर क्रिकेट स्टेडियम तैयार कराया जा रहा है। करीब 22 बीघे रकबे में बन रहे स्टेडियम पर तीन पिच बनकर तैयार हो गई हैं और अब बारमूडा घास और सिलेक्शन वन घास की रोपाई शुरू कराई जाएगी। घास रोपित होने के बाद स्टेडियम मैच कराने के लिए तैयार हो जाएगा। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि स्टेडियम का पवेलियन दूसरे चरण में तैयार कराया जाएगा। फिलहाल स्टेडियम पर मैच शुरू हो जाएं इसका प्रयास किया जा रहा है। बताया कि स्टेडियम पर डे-नाइट क्रिकेट मैच हो सकेंगे। बरमूडा घास की बाबत बताया कि बरमूडा घास गर्मी को सहन कर सकती है उन्होंने सिलेक्शन वन घास की बाबत बताया कि यह खेल के मैदानों के लिए उपयोग की जाती है यह घास घनी और मुलायम सतह के कारण क्रिकेटरों को बहुत भाती है। इस लिए प्रयास किया जा रहा है स्टेडियम पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानक की घास रोपित कराई जाए। घास रोपित होने के बाद स्टेडियम पर मैच शुरू करा दिए जाएंगे बताया कि बरमूडा घास बहुत तेजी से फैलती और इस पर गर्मी-सर्दी का असर नहीं होता है। उन्होंने बताया कि स्टेडियम पर दोनों तरह की घास को रोपित कराया जा सकता है।

> सींगनखेड़ा स्टेडियम पर तीन पिचें बनवा दी गई हैं और मैदान भी तैयार हो चुका है। घास रोपित होने बाद स्टेडियम मैच खेलने के लिए तैयार हो जाएगा। स्टेडियम पर पवेलियन आदि दूसरे चरण में बनवाया जाएगा।
> – संतोष कुमार, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी

## न्यूज डायरी

### स्वार में श्रद्धा के साथ मनाई गौतम बुद्ध की जयंती



स्वार, अमृत विचार : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमनगर में भगवान गौतम बुद्ध की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना सभा से हुई। आचार्यों एवं दीदीयों ने भगवान बुद्ध के चित्र के समक्ष सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में रंगोली एवं साज सज्जा का विशेष आकर्षण रहा। प्रमुख अंजलि मौर्य ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बिहार राज्य के गया तीर्थ स्थल पर प्राचीन पीपल वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने कहा कि एक राजकुमार होते हुए भी उन्होंने सांसारिक सुखों का त्याग कर सन्यास धारण किया और मानवता को शांति व अहिंसा का संदेश दिया। इस अवसर पर ब्रजकिशोर मौर्य, नरोत्तम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, उमेश राजपूत, संजय सिंह, गौरव सिंह, प्रकाश बाबू, दिलीप कुमार, विजेंद्र सिंह, बालिका शिक्षा प्रमुख राधा शर्मा, पर्यावरण प्रमुख सुनीता रानी मौर्य तथा अंजली मोर्य टैगोर सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।



### वीर खालसा समिति ने नामित सभासदों को सम्मानित किया

रामपुर, अमृत विचार : गुरुवार को वीर खालसा सेवा समिति ने नगर पालिका में नामित सभासद मुकेश रस्तोगी, पीयूष, अजय अरोड़ा, विवेक बिश्नोई और पूजा को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि जतिन कुमार सिडाना ने सभी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा नामित सभासद समाज की सेवा के लिए हमेशा आगे बढ़कर सेवा करेंगे। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने शहर विधायक आकाश सक्सेना का धन्यवाद किया। कहा कि सभी नामित सभासद बनाने में शहर विधायक ने अहम जिम्मेदारी निभाई है। अवतार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गुलशन अरोड़ा, सेवा सिंह, नारायण सिंह, मनिंदर सिंह, वजीर सिंह, कमलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, नरेंद्र पाल, लकी, सनी, कपूर आदि मौजूद रहे।



### सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई बुद्ध पूर्णिमा

मिलक, अमृत विचार : गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र में बुद्ध पूर्णिमा मनाई। शुभारंभ प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह व संयोजक महेंद्र पाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया गया। मुख्यवक्ता मोहर सिंह ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व शाक्य गणराज्य की तत्कालीन राजधानी कपिलवस्तु के नजदीक लुंबिनी में हुआ था, जो आजकल नेपाल देश का हिस्सा है। मोहर सिंह ने कहा कि बुद्ध के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने करुणा, अहिंसा और मध्यम मार्ग का संदेश दिया, जिसे अपनाकर समाज में शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### निबंध में जरनेन और पोस्टर मेकिंग में अनम प्रथम



रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में छात्राओं में कलात्मक एवं साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से प्रथम प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। निबंध प्रतियोगिता में जरनेन फातिमा जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता के नेतृत्व में हुई निबंध प्रतियोगिता में जरनेन फातिमा, प्रथम, इरम फातिमा ने द्वितीय, सानिया ने तृतीय और अनम एवं सिमरन ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में अनम ने प्रथम, अलीशा आरिफ एवं सानिया ने संयुक्त रूप से द्वितीय, सिमरन ने तृतीय एवं नूर अफशां ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. टिकेंद्र सिंह, डॉ. यामिनी सिंह, डॉ. मनोरमा चौहान रहे। संचालन विभागीय परिषद की प्रभारी डॉ. प्रीति लता ने किया।

# बिलासपुर सीएचसी में जगह-जगह पसरी गंदगी


बिलासपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव तथा पसरी गंदगी।


बिलासपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पसरी गंदगी। ● अमृत विचार

संवाददाता बिलासपुर

अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चारों तरफ पसरी गंदगी और अनदेखी के कारण अब यह केंद्र मरीजों के इलाज के बजाय बीमारियों का घर बनता जा रहा है। सीएचसी के सबसे संवेदनशील हिस्से, यानी आक्सीजन प्लांट के चारों ओर लंबी-लंबी घास उग आई है। प्लांट के ठीक बगल में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

यह स्थिति न केवल संक्रमण को न्योता दे रही है, बल्कि सूखे कचरे और घास के कारण आग लगने जैसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। इसके अलावा परिसर के कई हिस्सों में पानी का भारी जमाव हो रहा है। रुके हुए गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा सता रहा है। तीमारदारों का कहना है कि जलभराव और पसरी गंदगी के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया है। अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी जाहिर की है। आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है। तीमारदारों का कहना है कि हम यहां इलाज कराने आते हैं, लेकिन गंदगी देखकर लगता है। कि कहीं और बीमार न पड़ जाएं। अस्पताल परिसर की इस दुर्दशा पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने फिलहाल आंख मूंद रखी हैं। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस गंभीर मामले में कब संज्ञान लेते हैं और व्यवस्था को दुरुस्त करते हैं। चिकित्साधीक्षक डॉ. पदम् सिंह का कहना है कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जा रहा है। आक्सीजन प्लांट के आसपास लगे कूड़े के ढेर को भी हटवा दिया जाएगा।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट दो महिला घायल

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के मोहल्ला शीरी मियां में हरी ड्रेस स्कूल के पास रहने वाले जमीर अहमद व वासिद आपस में पड़ोसी हैं। बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उनके घर की महिलाओं में बच्चों के हंगामे को लेकर कहासुनी और फिर मारपीट हो गई। जिसमें जमीर की पत्नी भूरी बेगम और वासिद की पत्नी फरहाना घायल हो गईं। रात में ही दोनों पक्ष शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायल महिलाओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज व मेडिकल परीक्षण कराया। जमीर पक्ष का कहना था कि पड़ोसन के बच्चे उनके घर के बाहर हंगामा कर रहे थे। मना करने पर उनके घर में घुसकर मारपीट की गई, जिससे भूरी बेगम को पेट में गंभीर चोटें लगी हैं। वहीं, वासिद पक्ष का कहना था कि गंभीर चोटें लगी हैं।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## कर्ज से परेशान युवक का फंदा लगाने का प्रयास

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में आर्थिक तंगी और पारिवारिक कलह से तंग आकर एक इलेक्ट्रीशियन ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान देने की कोशिश की। पीड़ित व्यक्ति शहर के एक किराए के मकान में अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था। परिजनों के अनुसार, इलेक्ट्रीशियन लंबे समय से कर्ज के बोझ तले दबा था, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बुधवार देर शाम को मौका पाकर उसने कमरे में फांसी लगा ली। आनन-फानन में परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची।

## महिला आरक्षण पर सदन में गरमाई बहस

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर के निवासी कांठ विधायक कमाल अख्तर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सरकार की नीयत और नीति में स्पष्ट विरोधाभास नजर आता है। उन्होंने सदन में कहा कि वर्ष 2011 में यह बिल संसद के दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पारित हुआ था और उस समय यह स्पष्ट किया गया था कि जनगणना के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। लेकिन अब मौजूदा परिस्थितियों में 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने की बात कही जा रही है, जो राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास प्रतीत होता है। कमाल अख्तर ने सवाल उठाया कि जब उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव 2011 की जनगणना के आधार पर नहीं कराए जा रहे हैं, तो फिर केंद्र स्तर पर उसी आधार पर महिला आरक्षण लागू करने की बात कैसे उचित हो सकती है। उन्होंने इसे सरकार का दोहरा रवैया बताया।

## स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया क्षेत्र के मोहल्ला चौकीदारान की महिलाओं ने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में मंगलवार को उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी नितिन गौड़ को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि मीटर में बैलेंस कम होते ही बिना किसी पूर्व सूचना के विद्युत आपूर्ति काट दी जाती है, जिससे परिवारों को अंधेरे में रहना पड़ता है। इसका असर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर पड़ रहा है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर रॉड से हमला, गंभीर हालत में भर्ती

## कोतवाली क्षेत्र में तमाशबीन बने रहे लोग, चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



आरोपी फैज।



सड़क पर रॉड से पिटाई करता आरोपी।

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर सरेआम हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को सड़क पर घेरकर रॉड से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान लोग तमाशबीन बने रहे किसी ने भी युवक को बचाने का प्रयास नहीं किया। पीड़ित भर्ती है।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के बिनौर मार्ग की है। बुधवार रात को नल नई बस्ती निवासी जाने आलम पुत्र मोबिन पाशा पर बिजनौर मार्ग पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले उसे रोका और फिर सड़क पर गिराकर लाठी-डंडों व रॉड से मारपीट की। हमले के दौरान आसपास मौजूद लोग मूकदर्शक बने रहे। घटना को वहां से गुजर रहे राहगीरों ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने कुछ समय पहले प्रेम विवाह किया था, जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के चलते हमला किया। पीड़ित के पिता ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले आरोपी फैज को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि हमला करने वाला मुख्य आरोपी फरार है उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## सांसद के सेवा केंद्र पर मैनेजर पर चाकू से हमला

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में स्थित सांसद कंवर सिंह तंवर के सेवा केंद्र पर मैनेजर पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के हिरणपुरा गांव निवासी श्यामवीर सिंह सांसद कंवर सिंह तंवर के सेवा केंद्र पर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि केंद्र पर काम करने वाले रसोईया अमरीश सैनी ने किसी बात को लेकर उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि 29 अप्रैल की आरोपी ने चाकू से श्यामवीर सिंह के सिर और चेहरे पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी, जिसके आधार पर रजबपुर थाने में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार तेज, टोल से राहत

**हसनपुर, अमृत विचार:** मंगरोला में स्थित गंगा एक्सप्रेस में टोल बूथ उद्घाटन के बाद से ही गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहनों का भारी दबाव और तेज रफ्तार का सिलसिला जारी है। एक्सप्रेसवे की आधुनिक और स्मूथ सड़क मिलने के कारण चालक अपनी गाड़ियों को फर्राटे भरते हुए दौड़ा रहे हैं।वर्तमान में इस एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स की वसूली शुरू नहीं हुई है, जिसका फायदा उठाते हुए बड़ी संख्या में वाहन चालक बिना किसी शुल्क के यात्रा का आनंद ले रहे हैं।

सड़क की बेहतरीन गुणवत्ता के चलते कई वाहन चालक निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज गाड़ी चलाने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने पूरी तैयारी की है।एक्सप्रेसवे पर किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस और क्रेन की तैनाती की गई है। जगह-जगह सुरक्षा टीमें और रेस्क्यू वाहन मुस्तैद हैं ताकि दुर्घटना की स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। हालांकि, प्रशासन ने अपील की है कि अति-उत्साहित न हों और यातायात नियमों का पालन करें।

# स्कूल वाहन का स्टेयरिंग फेल चालक की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

**अमृत विचार:** डिडौली थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में जुगाड़ वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। हादसा जोया-बम्बूगढ़ मार्ग पर पतखोई गांव के पास हुआ, जब एक स्कूल वाहन का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में पतखोई गांव के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब आठ बजे अमरोहा की ओर जा रहा टाटा मैजिक स्कूल वाहन अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकराया। इसी दौरान सामने से आ रहे जुगाड़ वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में जुगाड़ वाहन चला रहे दिलशाद (37) पुत्र रियाज निवासी मोहल्ला अहमद नगर, थाना अमरोहा नगर की मौत हो गई। उनके साथ सवार उनके साढ़ू दानिश निवासी दिल्ली दरवाजा, थाना नखासा (संभल) घायल हो गए। घटना के बाद स्कूल वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन 131वें दिन भी जारी

- भाकियू संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने जुबिलेंट फैक्ट्री के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, गजरौला



थाना प्रभारी को तहरीर देते भाकियू कार्यकर्ता। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन गुरुवार को 131वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान नाईपुरा की किसान महिलाओं ने कहा कि जुबिलेंट फैक्ट्री ने जमीन में बोरवेल के जरिए केमिकल युक्त जहरीला पानी डालकर 300 फीट तक का पानी जहरीला कर दिया है, जिसे पीकर गंभीर बीमारियां हो रही हैं। शुद्ध पेयजल के लिए 131 दिन से धरना दिया जा रहा है। जिला प्रशासन व उत्तर प्रदेश की सरकार ने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है।

गजरौला क्षेत्र के लाखों लोग बीमारियों से ग्रस्त हैं। लेकिन फैक्ट्री के ऊपर कार्रवाई नहीं की जा रही है और ना ही फैक्ट्री को जमीन में पानी डालने के लिए रोका जा रहा है। यदि फैक्ट्री ने जमीन में पानी डालना बंद नहीं किया तो गजरौला क्षेत्र की महिलाएं फैक्ट्री के आगे धरना लगाने को मजबूर होंगी। जिले में जंगल राज सा फैल चुका है। प्रशासन जनता के हित में नहीं, फैक्ट्रियों के हित में खड़ा नजर आ रहा है। चुनाव में वोट की चोट से इन क्षेत्रीय नेताओं को और सरकार को जवाब देने के लिए तैयार हैं। जल्द समाधान नहीं किया गया तो किसान और महिला किसान उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। थाने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार को जुबिलेंट फैक्ट्री के खिलाफ तहरीर दी। इस दौरान रिंकी रावत, प्रकाशो, चांदनी, अकबरी, वकीला, नूर जहां बेगम, नफीसा, मुनीजा, नजमा, देवेंद्र, मुनेश, कुसुम बानो, कुसुम, सवरी, सूरजमुखी, अंजुम, मुसर्रत, फरजाना, सवारा, गंगाराम, शमसुद्दीन, मुनी सलमानी, सोमपाल, विजय चौधरी, अमन, संदीप, अयूब, फैसल, आदिल, अजय पाल, अंकित, होमपाल सिंह, रामप्रसाद, ओमप्रकाश, जीशन, राष्ट्रीय प्रमुख अरुण सिधु, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष अहसान अली आदि किसान मौजूद रहे।

## निष्ठा के साथ पूरा करें गन्ना सर्वेक्षण कार्य

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार:** डीएसएम शुगर रजपुरा में गन्ना सर्वेक्षण को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद संभल के जिला गन्ना अधिकारी, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना समिति रजपुरा के सचिव और चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गन्ना विकास विभाग के अधिकारी, आईटी हेड, मुख्य गन्ना प्रबंधक, समिति के सुपरवाइजर और फील्ड स्टाफ ने भाग लिया। प्रशिक्षण में गन्ना सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डेटा संकलन, जीपीएस सर्वे और ऑनलाइन रिपोर्टिंग पर चर्चा की गई।

# इमाम अली रज़ा की यौमे विलादत मनाई

संवाददाता, सैदनगली



जश्न में तकरीर करते मौलाना • अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे आठवें इमाम हजरत अली रज़ा अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत के सिलसिले से एक नूरानी जश्न का आयोजन हुआ।

जश्न का आगाज़ गुलाम सैयदेन रिज़वी ने हदीसे किसा की तिलावत और खुदा की हम्द से किया। नाते रसूल रियाजुल हसन ने पढ़ी। नाते पाक के बाद अम्मार हैदर रिज़वी, मुहम्मद अब्बास, गुलाम हैदर रिजवी, हसन मेहदी, दावर अब्बास, मुहम्मद हैदर, जाफ़र अब्बास, सफदर अली, मिसाल अब्बास, शबीह हैदर, सुहैल अब्बास, डॉ लईक हैदर आदि ने कलाम पढ़े। मौलाना कम्बर अली ने तक़रीर मे कहा कि आठवे इमाम अली रजा की विलादत 11 जीकाद को हुई थी इमाम का नाम अली है और मशहूर लक़ब रज़ा है। इमाम का रोजा ईरान के शहर मशहद मे है जहां पूरी दुनिया भर के लोग ज़्यारत करने के लिए जाते हैं। मौला रजा ने दुनिया को मानवता, भाईचारे का संदेश दिया। मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराकर जशन का समापन हुआ द्य इस मौके पर काफी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

# परिवारों में संस्कारित वातावरण के बिना हिंदू राष्ट्र की कल्पना असंभव

- राष्ट्र सेवी की ओर से गायत्री यज्ञ

संवाददाता, हसनपुर



यज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगलिया मुंशी में राष्ट्र सेवी संगठन के द्वारा गायत्री यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। विश्व शांति की कामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित की।

गुरुवार को शांतिकुंज हरिद्वार के साधक एवं यज्ञ पुरोहित संजय गोयल ने कहा कि गांवों में देवस्थान तो बने हुए हैं। लेकिन सामूहिक आयोजनों के अभाव में वे सूने पड़े रहते हैं। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर सप्ताह में कम से कम एक बार सामूहिक प्रार्थना व सत्संग करने का आह्वान किया।संजय गोयल ने संस्कारों पर जोर देते हुए कहा, कि परिवारों में संस्कारित वातावरण का निर्माण, नियमित साधना और यज्ञ के बिना शांति संभव नहीं है। बिना संस्कारों के भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में देखना असंभव है।कार्यक्रम में राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, रूपचंद्र चौहान, निर्दोष देवी, पुष्पा देवी, कुसुमलता, गायत्री देवी, ओमपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, थल प्रकाश व कैलाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेड डील के विरोध में भाकियू (चढूनी) का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित किसान ट्रेड डील के विरोध में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी एकत्र हुए और प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ट्रेड डील के विरोध में नारेबाजी की और इसे किसान विरोधी बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की। जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू ने कहा कि डील किसानों और मजदूरों के हितों के खिलाफ है, जो स्वीकार नहीं। आशंका जताई कि इस तरह की ट्रेड व्यवस्था लागू होने पर देश के किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है।

## समारोह से चोरी हुई बाइक बरामद, दो शातिर चोर गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार:** संभल के थाना हयातनगर स्थित गाव कमालपुर सराय शाहपुर निवासी गोविंद कुमार पुत्र देवराज सिंह 26 अप्रैल को सिरसा गुर्जर गांव में रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने आए थे। यहां से उनकी बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गजरौला रोड स्थित एक बंद पेट्रोल पंप के समीप से कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी जगत सिंह पुत्र चुन्ना और राजू पुत्र शिवकुवर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद की गई। पुलिस टीम में शामिल कांस्टेबल दीपेश, आकाश और आनंद तोमर की तत्परता से इस चोरी का सफल अनावरण हुआ। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# करंट से संविदा लाइनमैन की मौत

- जलालपुर बिजलीघर पर करीब तीन घंटे रखा शव, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** शटडाउन लेने के बावजूद 11 केवी लाइन में करंट दौड़ने पर लाइन जोड़ रहे संविदा लाइनमैन की मौत के मामले में पुलिस ने बिजलीघर के लाइनमैन व एसएसओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात आई भयंकर आंधी से क्षेत्र के जलालपुर बिजलीघर की आपूर्ति से जुड़े गांव यकबगडी में 11 केवी की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जलालपुर गांव निवासी 28 वर्षीय संविदा लाइनमैन नितिन सैनी बुधवार सुबह शटडाउन लेकर साथी लाइनमैन निपेंद्र के साथ यकबगडी में टूटी लाइन को जोड़ने गया था। बताया जाता है कि नितिन लाइन जोड़ ही रहा था कि करंट आने से उसे जोरदार झटका लगा। झुलसकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जलालपुर बिजलीघर पर करीब तीन घंटे तक शव रखकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने मृतक लाइनमैन के परिवार को डेढ़ लाख रुपये की मदद दी। सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने किसी तरह गुस्साए लोगों को शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में मृतक की पत्नी प्रीति की तहरीर पर बिजलीघर पर तैनात एसएसओ सचिन कुमार निवासी गांव बल्दाना व लाइनमैन निपेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## विद्युत लाइन से निकली चिंगारी, 70 क्विंटल राख

**रहरा, अमृत विचार :** खेत के ऊपर से होकर गुजर रही विद्युत लाइन की चिंगारी से एक किसान का करीब 70 क्विंटल भूसा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान की आर्थिक मदद की मांग की है। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर खादर निवासी चंद्रपाल पुत्र बलवंत सिंह के गांव से करीब 200 मीटर दूर खेत में गेहूं निकासी के बाद करीब 60 से 70 क्विंटल भूसे का ढेर पड़ा हुआ था। जिसके ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही है। सुबह करीब 11 बजे जर्जर तार टूट कर अचानक जमीन पर गिर गया। विद्युत तार से निकली चिंगारी की वजह से लगी आग से किसान का करीब 70 कुंतल भूसा जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर को पाया। स्थानीय लोगों ने जर्जर विद्युत लाइन की मरम्मत की मांग करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से उसके नुकसान की भरपाई की मांग की है।




## न्यूज ब्रीफ

### आंबेडकर शोभायात्रा के दौरान किशोर पर जानलेवा हमला

**बबराला अमृत विचार :** गुन्नौर कस्बे में बुधवार शाम भीमराव आंबेडकर शोभायात्रा के दौरान एक किशोर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला टंकी निवासी प्रेमशंकर ने बताया कि 29 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे उनका बेटा शिवम( 15 ) आंबेडकर जयंती की रैली में शामिल था। इसी दौरान मोहल्ला अस्पताल क्षेत्र के रहने वाले सलीम, राशिद और रिहान ने उससे पानी मांगने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर तीनों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए शिवम के साथ मारपीट की और रैली न निकलने देने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने चेन से सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। परिजनों के मुताबिक, मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसकी जान बचाई। घायल किशोर की हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी पहले भी विवादित और आपराधिक प्रवृत्ति के रहे हैं, जिससे उनके बेटे की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक समेत तीन छात्राएं घायल

**चंदौसी , अमृत विचार :** बदायूं रोड पर गुरुवार की दोपहर ट्रक ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे चालक व उसमें सवार तीन छात्राएं घायल हो गई। सभी का उपचार निजी अस्पताल में कराया गया। गुरुवार की दोपहर आईटीआई की छुट्टी होने पर ई रिक्शे से अपने गांव जा रही थी। जब ई बदायूं रोड पर पहुचा तो सामने से आ रहे ट्रक ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक को भगा ले गया। जिसे पुलिस ने बदायूं चुंगी पर पकड़ लिया। टक्कर लगने से ई रिक्शा चालक चंद्रपाल पुत्र मेवाराम निवासी गांव खेड़ादास थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं छात्रा चंचल, रितु व मोनिका घायल हो गई। जिनको उपचार के लिए पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में ट्रक स्वामी भी अस्पताल पहुंच गया। जिसने सभी का उपचार कराया।

# ई-फार्मेसी के विरोध में 20 को बंद

कार्यालय संवाददाता,संभल


संभल में केमिस्टों की बैठक को संबोधित करते संदीप कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

● **सीनियर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने बनाई रणनीति**

**अमृत विचार:** सीनियर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक का आयोजन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एवं ओसीडीयूपी के बैनर तले किया गया। बैठक में अवैध ई-फार्मेसी के बढ़ते दायरे और उससे छोटे केमिस्टों की आजीविका पर पड़ रहे असर के विरोध में 20 मई को प्रस्तावित बंद को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई।

अध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा उर्फ संदीप शर्मा ने कहा कि कोविड काल में जारी जीएसआर 220 के प्रावधानों के बावजूद देश में अवैध ई-फार्मेसी का संचालन लगातार जारी है, जो छोटे व्यापारियों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। 20 मई को प्रस्तावित बंद केवल व्यापारिक मुद्दा नहीं है, बल्कि जनस्वास्थ्य और दवा की गुणवत्ता की रक्षा का एक बड़ा आंदोलन है। आशंका जताई कि ऑनलाइन दवाओं की आड़ में नकली, मिलावटी और चोरी की दवाओं की बिक्री बढ़ रही है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। सरकार से मांग की कि अवैध ई-फार्मेसी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और ऑनलाइन दवा बिक्री के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं। चेयरमैन प्रदीप रस्तोगी ने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण किया जाएगा। उपाध्यक्ष राजीव रस्तोगी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही इस संघर्ष की सफलता सुनिश्चित करेगी। गौरव टंडन व सुमित राजा ने सभी से सहयोग की अपील की। संगठन मंत्री मोहम्मद शम्सी ने नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 का बोर्ड प्रत्येक केमिस्ट दुकान पर लगाने को कहा। बैठक में सुमित राजा, प्रवीण वार्ष्णेय, गौरव टंडन, राजीव रस्तोगी, मोहम्मद शम्सी, साजिद अहमद, सईद अहमद, अजय यादव, अनिल कुमार, नफीस अहमद, मोहम्मद जीशान, यासिर अहमद, जीशान चौधरी, सिद्धांत त्रिवेदी, मनोज मेनू, विशाल पाठक, मुज़म्मिल चौधरी, अंकुर मेहरोत्रा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# 12वीं में मुस्कान, केशव व लक्ष्य प्रताप बने जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी


चंदौसी में हाईस्कूल की टॉपर छात्रा को मिठाई खिलाते स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार


आकृषि


मुस्कान यादव


केशव

● **हाईस्कूल में आकृषि वार्ष्णेय को मिले सबसे अधिक अंक**

**अमृत विचार:** आईसीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित हो गया है। चंदौसी सेक्रेड हार्ट कांवेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। जिससे परिवार में खुशी का माहौल है।

हाईस्कूल परीक्षा में आकृषि वार्ष्णेय ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कुशाग्र अग्रवाल ने 96.5 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, सुमेधा अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि इंटर में मुस्कान यादव, केशव वार्ष्णेय, लक्ष्य प्रताप सिंह ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं दर्पण वार्ष्णेय ने 95.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा पुरुषार्थ राना ने 95. 25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। गुरुवार को परीक्षाफल घोषित होते ही इन बच्चों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनका कहना था कि आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई है। सभी बच्चों के घर में खुशी का माहौल है और उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ था। प्रधानाचार्य सिस्टर टेरेसा व उप प्रधानाचार्य सिस्टर टोवल,शिक्षक दीपक कुमार व शशांक वार्ष्णेय ने सभी मेधावी छात्र व छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### क्या कहती हैं हाई स्कूल की टॉपर

छोटेलाल कालोनी निवासी आकृषि वार्ष्णेय ने 97 .4 प्रतिशत अंक लेकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पिता स्वास्थय विभाग में नौकरी करते हैं, तो मां सरकारी स्कूल में सहायक अध्यापिका है। स्कूल के अलावा प्रतिदिन पांच से छह घंटे तक नियमित पढ़ाई करते थे। अब इंटर बायो ग्रुप से करके भविष्य में डाक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। उनका मानना है कि कठिन परिश्रम से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

### क्या कहती हैं इंटरमीडिएट की टॉपर

आवास विकास निवासी मुस्कान यादव के पिता विनोद कुमार यादव बैंक में नौकरी करते है। जबकि मां ममता गृहिणी। मुस्कान ने 96 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुस्कान नीट की तैयारी कर रही है और डॉक्टर बनना चाहती है। वह बताती है कि नियमित सात से आठ घंटे पढ़ाई करती थे। अगर कठिन परिश्रम किया जाए तो निश्चित ही सफलता मिलेगी।

# बिजली संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, सब स्टेशन पर धरना प्रदर्शन

## विद्युत आपूर्ति का समाधान न होने पर सड़क जाम करने की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, संभल


बिजली घर पर धरना-प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में गहराते बिजली संकट को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ने लगा है। भारकियू असली के बैनर तले किसानों ने बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि लगातार हो रही अघोषित कटौती और अनियमित आपूर्ति के चलते उनकी खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं।

धरने का नेतृत्व कर रहे प्रदेश प्रवक्ता जयवीर सिंह यादव ने कहा कि 'ईस्ट वन' फीडर से जुड़े करीब 10 से 12 गांवों में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। दिन में पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने 24 तारीख को एक्सईएन संभल को ज्ञापन सौंपकर बिजली आपूर्ति में सुधार, तय समय पर और विशेष रूप से दिन में बिजली उपलब्ध कराने की मांग की थी। आरोप लगाया कि 30 तारीख तक न तो कोई अधिकारी किसानों से मिलने पहुंचा और न ही बिजली आपूर्ति में कोई सुधार हुआ। इससे किसानों में नाराजगी और अधिक बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा गांवों में 18 घंटे और कृषि कार्य के लिए 10 घंटे बिजली देने के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं।

संजीव गांधी ने कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि किसानों को महज तीन से चार घंटे ही कृषि कार्य के लिए बिजली मिल पा रही है। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि मक्का, मेंथा और सब्जी की फसलें सूखने लगी हैं। बीज, खाद और सिंचाई पर भारी लागत लगाई है, लेकिन बिजली की कमी के चलते मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। धरने पर बैठे किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। जरूरत पड़ने पर अनिश्चितकालीन धरना देकर सड़क जाम करेंगे।

## न्यूज डायरी

### बेमौसम बारिश से चंदौसी में स्टेशन रोड पर जलभराव



**अमृत विचार : चंदौसी** शहर में गुरुवार की शाम दस मिनट हुई बारिश से स्टेशन रोड पर जल भराव हो गया। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिनों का सामना करना पड़ा। शहर में गुरुवार को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। सुबह बादल होने के साथ - साथ बूंदाबादी हुई थी। दोपहर में धूप निकली, लेकिन तेजी नहीं थी। शाम पांच बजे अचानक आंधी आई और बिजली की गडगड़ाहट के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। करीब दस मिनट हुई बारिश से स्टेशन रोड पर जल भराव हो गया। जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घंटे बाद भी आवागमन सुचारू नहीं हो सका।

### चंदौसी चौराहा को वंदे मातरम चौक घोषित करने की मांग



**संभल, अमृत विचार :** प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक वंदे मातरम चौक स्थापित करने की मुहिम के तहत संभल के चंदौसी चौराहे को वंदे मातरम चौक घोषित करने की मांग उठाई गई है। विश्व हिंदू महासंघ के बैनर तले पदाधिकारी जिलाध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व में नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और अधिशासी अधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग को प्रमुखता से रखा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह कोई आंदोलन या विरोध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि राष्ट्रभावना से जुड़ी एक सकारात्मक पहल है। इसके तहत पूरे उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक वंदे मातरम चौक स्थापित करने की मांग की जा रही है, ताकि लोगों में देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस संबंध में डीएम को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई निर्णय न होने पर संगठन ने एक बार फिर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है। हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन पहले से किसी शहीद, स्वतंत्रता सेनानी या महान योद्धा के नाम पर किसी चौराहे का नामकरण करने की योजना बना चुका है, तो संगठन किसी अन्य प्रमुख चौराहे को भी चिन्हित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस दौरान धर्मपाल सिंह, विनोद नाथ, प्रेम राज सिंह, प्रकाश चंद्र शर्मा, सुधीर कुमार शर्मा, रजत तिवारी, सुमित ठाकुर, राकेश वाष्र्णेय, रविशंकर ,अशोक शर्मा, रिंकू प्रधान, ठाकुर अशोक, प्रमोद प्रधान आदि मौजूद रहे।

### सेमिनार में हुई बाल रोग व गुर्दा रोग पर चर्चा



**चंदौसी, अमृत विचार :** आटा माल स्थित एक रेस्टोरेंट में गुरुवार को आईएमए के तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में स्थानीय चिकित्सक जुटे और रोगों और उनके इलाज पर चर्चा की गई। आईएमए चंदौसी द्वारा बाल रोग चिकित्सा, गुर्दा रोग एवं दर्द निवारण पर मेडिकल सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि म डॉ . तरुण पाठक सीएमओ संभल रहे।जिन्होंने दी प्रजवलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया। सेमिनार में डा . अर्जुन अग्रवाल, डा . अंकित सिंघल, डा . निदा खान ने बाल रोग, गुर्दा रोग व दर्द निवारण रोग पर चर्चा की। इस दौरान स्थानीय चिकित्सा चिकित्सकों द्वारा संबंधित रोग के बारे में विशेषज्ञ चिकित्सकों से विभिन्न प्रकार की जानकारी ली। इस दौरान आईएमए के अध्यक्ष डा . सर्वेश सक्सैना, सचिव डा . शशांक चौधरी समेत शहर प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद रहे।

### अवैध ई - रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग



**चंदौसी , अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अवैध ई रिक्शा को तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि शहर में बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे ई-रिक्शा और उनके कारण लगने वाले भीषण जाम से आम जनता और व्यापार बेहद प्रभावित हो रहा है। बड़ी संख्या में अवैध और बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शा सड़कों पर चल रहे हैं। इसके कारण मुख्य मार्गों जैसे आजाद रोड, मालगोदाम मार्ग और फव्वारा चौक बड़ा बाज़ार पर रोजाना घंटों का भारी जाम लग रहा है। कई नाबालिग और अप्रशिक्षित चालक लापरवाही से ई-रिक्शा दौड़ा रहे हैं। उपयोग भारी समान ढोने के लिए किया जा रहा है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। बड़ी घटना का इंतजार ना करते हुए पंजीकृत ई रिक्शा ही नगर में प्रवेश दिया जाए। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने आश्वासन दिया की तत्काल प्रभाव से अपंजीकृत ई रिक्शा पर कार्रवाई की जाएगी और नगरपालिका में पंजीकरण किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में आकाश आहूजा, निशांत शर्मा, रितिक शुभम अग्रवाल, गोविंद, तुषार क्रिस्टल आदि मौजूद रहे।

### मंदिरों के पुजारियों को मिले वेतन एवं भत्ता



**चंदौसी, अमृत विचार :** नगर में राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संगठन विस्तार को लेकर घंटाघर मंदिर पर एक बैठक की गई। बैठक में पुजारियों को वेतन व अन्य भत्ते की मांग उठाई गई। बैठक में राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि राष्ट्रीय पुजारी परिषद का गठन कोरोना काल में हुआ था। सरकार से पुजारी को 40000 रुपए वेतन प्रति माह मिलने एवं मंदिरों का संरक्षण सरकार द्वारा किए जाने की मांग की। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 20 अप्रैल 2022 को पुजारी एवं पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा को अति शीघ्र क्रियाशील करवाना। देश के सभी बड़े-बड़े मंदिर सरकार के अधीन है। उनसे होने वाली आमदनी में से 50 प्रतिशत छोटे मंदिरों पर खर्च हो। संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने चंदौसी नगर का संगठन का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, शिवओम तिवारी महामंत्री, विवेक उपाध्याय, मंत्री, गौरव शर्मा, कमल शर्मा प्रचार मंत्री, हर्ष को उपाध्यक्ष की घोषणा की। हरिओम शर्मा ने की व संचालन पुजारी अमरपाल शर्मा ने किया। पुजारी महेंद्र, पंडित हिरदेश शर्मा, नन्हेंलाल शर्मा, रामसेवक शर्मा, पंडित कमल शर्मा, पंडित मोहित शर्मा, पंडित राजेंद्र प्रकाश शर्मा, सुरेश शर्मा, दीनदयाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### फुटबॉल चैंपियनशिप में बेटियों का जलवा, डीएफए बहजोई बना विजेता



**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** संभल के हिंद स्टेडियम में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया फुटबॉल चैंपियनशिप ने जिले की बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच दिया। फाइनल में डीएफए बहजोई ने रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में डीएफए संभल को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में अनुशासन, टीम वर्क और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में पहुंचे संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के समय में खेल बेटियों के लिए सिर्फ शौक नहीं, बल्कि एक मजबूत करियर विकल्प बन चुका है। आयोजकों ने बताया कि इस चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को राष्ट्रीय स्तर के ट्रायल में भेजा जाएगा।

# मौत बनकर आई तेज रफ्तार कार

संवाददाता,संभल


जुनावई में हादसे के बाद टूटी चारपाई व पलटा ई रिक्शा।



मृतक सलीम व अलशिफा।

● **मौत बनकर आई तेज रफ्तार कार**
● **पल भर में ली पिता-पुत्री की जान**

**अमृत विचार:** जुनावई क्षेत्र के दुवारी कला गांव में बुधवार रात का सन्नाटा एक तेज धमाके से टूट गया और कुछ ही पलों में खुशहाल परिवार मातम में बदल गया। गर्मी के चलते गांव के अधिकांश लोग घरों के बाहर चारपाई डालकर सो रहे थे। मुख्य मार्ग के किनारे बसे घरों के लोग अक्सर सड़क के पास ही रात बिताते हैं, लेकिन इस बार यही आदत एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हो गई।

गांव निवासी सलीम अपनी आठ वर्षीय बेटी अलशिफा के साथ सड़क किनारे चारपाई पर सो रहा था। रात करीब 12:30 बजे, जब पूरा गांव गहरी नींद में था, तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर उनकी चारपाई पर चढ़ गई। हादसा इतना भीषण था कि पिता-पुत्री को संभलने तक का मौका नहीं मिला और दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तेज धमाके जैसी आवाज सुनते ही गांव के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। अनहोनी की आशंका से लोग उस दिशा में दौड़े, जहां से आवाज आई थी। मौके पर पहुंचते ही लोगों के होश उड़ गए। चारपाई के पास खून से लथपथ सलीम और उसकी मासूम बेटी पड़े थे। यह दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। घटना के बाद कार चालक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। इस बीच परिवार की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में चीख-पुकार और मातम का माहौल छा गया। जिसने भी यह मंजर देखा, वह स्तब्ध रह गया। थाना प्रभारी धीरज सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

# देश के सामाजिक ताने बाने को बिगाड़ रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खान के बेटे की शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे फतेहपुर से सांसद और सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा लगातार देश के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने का काम कर रही है और असल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है। संजय निषाद द्वारा अखिलेश यादव पर दिए गए बयान को लेकर उन्होंने कहा कि संजय कब क्या कह दें, इसका कोई भरोसा नहीं है। उनके बयानों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं है। गाजीपुर की घटना का जिक्र करते हुए सपा सांसद ने कहा कि एक पिछड़े वर्ग की बेटी के साथ जिस तरह की घटना हुई, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।


संभल में सपा नेता फिरोज खां के आवास पर पत्रकार वार्ता करते नरेश उत्तम पटेल।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बहजोई,अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में हाइवे पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

राधे श्याम (40) निवासी ग्राम मझावली थाना बनियाठेर और सुरेश (35) निवासी मुजफ्फरपुर थाना हयातनगर मोटरसाइकिल से भात कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मझावली से गुन्नौर जा रहे थे। धनारी क्षेत्र से आगे पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राधे श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालात का जायजा लिया।

### गंगा एक्सप्रेस वे पर बाइक सवार घायल

**बहजोई, अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस वे पर सफर के दौरान एक बाइक सवार युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गया। सीएचसी बहजोई से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। दिशांत वैश्य (35) निवासी काजी टोला, अलीगढ़ गंगा एक्सप्रेसवे पर बाइक से यात्रा कर रहा था, तभी वह घायल अवस्था में मिला। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# भारतीय ज्ञान परम्परा व मिशन कर्मयोग पर कार्यक्रम आयोजित

**मनोटा,अमृत विचार:** असमोली ब्लॉक स्थित मुमताज मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं मिशन कर्मयोग विषय पर प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी कृष्णानंद झा ने विद्यार्थियों को जीवन के मूल उद्देश्य और कर्मयोग के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। वर्तमान में शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता जताते हुए उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता बताई। स्वामी जी ने विद्यार्थियों को कर्मयोगी बनकर समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाने का संकल्प लिया।

# टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** गजरौला मार्ग पर सड़क हादसे में कोचिंग जा रहे दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक को एक मिनी टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की सुबह गजरौला मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव तुगलकाबाद निवासी विजेंद्र सिंह के पुत्र आजाद और शिवकुमार अपनी बाइक से केसीसी एकेडमी में कोचिंग के लिए जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक मिनी टाटा मैजिक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने के बाद दोनों भाई सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### बाइक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चालक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के मनौटा चौकी क्षेत्र के गांव में सड़क हादसे में युवक घायल हो गया। गांव निवासी युवक गुरुवार की दोपहर बाद अपने गांव से लिंक मार्ग गजरौला मार्ग पर आ रहा था इसी दौरान बुल्ले खां के बाग सामने एक तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर निवासी ई-रिक्शा चालक मोहम्मद हसन पुत्र कल्लू, निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

